इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

वर्ष- 45 | अंक - 207 | राजनांदगांव, सोमवार 15 जून 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

(हेमंत साहू) 98271-56852
94241-15737
शिव बोरवेल्स एवं प्रापर्टी डिलिंग
• हर तरह की बोरिंग कार्य हेतु संपर्क करें
• सभी प्रकार के सबमर्सिबल पंप के विक्रेता
• पाईप फिटिंग एवं सेनेटरी की सुविधा
नंदई, कुआं चौक राजनांदगांव (छ.ग.)

आवश्यकता है
आदर्श विद्या मंदिर ममता नगर एवं नदई चौक में शिक्षक/शिक्षिकाओं की आवश्यकता है।
योग्यता- एम.एस.सी./एम.ए.
विषय-गणित/भौतिक/रसायन/अंग्रेजी
अंतिम तिथि- 18/06/2026
मो.9399338790, 7000289027

## टीएमसी के बागी सांसद नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी में शामिल होंगे : बंगाल BJP प्रभारी और लोकसभा स्पीकर से मिले; काकोली बोलीं- एनडीए को हमारा समर्थन



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजनीति में बड़ा उलटफेर हुआ है। टीएमसी के 20 बागी सांसदों ने नेशनलिस्ट सिटिजन पार्टी में विलय और एनडीए को समर्थन देने का ऐलान किया है। काकोली घोष दस्तिदार और सुदीप बंद्योपाध्याय के दावों से सियासी हलचल तेज हो गई है।

पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बागी सांसदों ने पार्टी नेतृत्व के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोल दिया है और अब उन्होंने एक नए राजनीतिक रास्ते पर चलने का फैसला किया है। पार्टी के 20 सांसदों ने नेशनलिस्ट सिटिजन पार्टी में विलय का निर्णय लिया है और साथ ही केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को समर्थन देने का भी ऐलान किया है।

रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात के बाद बागी सांसद काकोली घोष दस्तिदार ने कहा कि टीएमसी से निर्वाचित 20 सांसदों ने अलग बैठने की मांग करते हुए औपचारिक पत्र सौंपा है। उनका दावा है कि यह संख्या लोकसभा में टीएमसी के कुल सांसदों की दो-तिहाई से अधिक है, इसलिए उनका विलय संवैधानिक रूप से वैध है। उन्होंने कहा कि सभी सांसद नेशनलिस्ट सिटिजन पार्टी में शामिल होने का फैसला कर चुके हैं और भविष्य में प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाले एनडीए के साथ मिलकर काम करेंगे।

### भाजपा की नई सहयोगी होगी एनसीपीआई

वरिष्ठ सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने भी विलय के फैसले की पुष्टि की। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बागी सांसद खुद को 'वास्तविक टीएमसी' मानते हैं और इस मुद्दे को लेकर अदालत का दरवाजा भी खटखटाएंगे। इससे आने वाले दिनों में पार्टी के नाम और संगठन पर कानूनी लड़ाई छिड़ने की संभावना बढ़ गई है।

राजनीतिक हलकों में इस फैसले को बेहद अहम माना जा रहा है। यदि 20 सांसदों का यह समूह एनसीपीआई के बैनर तले एनडीए का हिस्सा बनता है, तो लोकसभा में उसकी संख्या काफी मजबूत हो जाएगी। बताया जा रहा है कि इस स्थिति में एनसीपीआई, भाजपा के बाद एनडीए की दूसरी सबसे बड़ी सहयोगी पार्टी बन सकती है और सांसदों की संख्या के मामले में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) को पीछे छोड़ सकती है।

### केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से हुई थी मुलाकात

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस बड़े फैसले से पहले बागी सांसदों ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से भी मुलाकात की थी। चर्चा है कि इस बैठक में त्रिपुरा से भाजपा सांसद बिप्लब कुमार देब भी मौजूद थे। यहीं पर संभावित विलय और भविष्य की राजनीतिक रणनीति पर विस्तार से बातचीत हुई। इसके बाद सांसदों का प्रतिनिधिमंडल लोकसभा अध्यक्ष से मिलने पहुंचा और सदन में अलग बैठने की व्यवस्था की मांग रखी।

## 114 राफेल जेट ही नहीं सोर्स कोड भी, एआई से लेकर सेमीकंडक्टर तक 12 नई डील... भारत-फ्रांस जुगलबंदी





नई दिल्ली। भारत और फ्रांस की यह सदाबहार दोस्ती महज दो देशों के बीच का व्यापार या हथियारों का लेन-देन नहीं है. यह असल में बदलते दौर में एक संतुलित और निष्पक्ष विश्व व्यवस्था बनाने का साझा प्रयास है. कल के परमाणु सहयोग से लेकर आज राफेल के सोर्स कोड की मांग और एआई जैसे 12 नए समझौतों तक का यह सफर दिखाता है कि दोनों देशों का भरोसा वक्त के साथ कितना परिपक्व हुआ है.

आज जब पूरी दुनिया दो गुटों में बंटती दिख रही है और वैश्विक राजनीति के समीकरण हर रोज बदल रहे हैं, तब भारत और फ्रांस का आपसी भरोसा कूटनीति के एक नए केंद्र के रूप में उभरा है. जून 2026 के प्रधानमंत्री के दौरे को सिर्फ कागजी समझौतों के चश्मे से नहीं देखा जा सकता. इस बार दांव बड़े हैं. एक तरफ जहां 114 राफेल विमानों के महा-सौदे में विमान का 'सोर्स कोड' हासिल करने का भारत का पक्का इरादा है, वहीं दूसरी तरफ,ढ्ढ से लेकर सेमीकंडक्टर तक फैले 12 नए समझौते देश की सुरक्षा और रक्षा-तकनीक की पूरी तस्वीर बदलने की ताकत रखते हैं.

लेकिन कूटनीति की इस मजबूत इमारत की असल गहराई को समझने के लिए, हमें उस नींव को देखना होगा जिसे दोनों देशों ने पिछले कई दशकों के भरोसे से सींचा है. मौजूदा समझौतों पर बात करने से पहले, आइए नजर डालते हैं इस सदाबहार दोस्ती के उस सफर पर, जिसने हर मुश्किल वक्त में अपनी मजबूती साबित की है.

दोनों देशों के बीच आधिकारिक रिश्तों की शुरुआत आजादी के ठीक बाद 1947 में हो गई थी. लेकिन इस दोस्ती का सबसे बड़ा और निर्णायक मोड़ आया साल 1998 में, जब फ्रांस भारत के साथ 'रणनीतिक साझेदारी' करने वाला पहला पश्चिमी देश बना. इतिहास गवाह है कि जब 1998 में पोखरण परमाणु परीक्षण के बाद पूरी दुनिया ने भारत की तरफ पीठ कर ली थी और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बागी सांसदों के नेशनलिस्ट सिटीजन पार्टी ज्वाइन करने पर आ गया टीएमसी नेता का रिएक्शन, लीगल एक्शन की कह दी बात



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजनीति में टीएमसी के बागी सांसदों के नेशनलिस्ट सिटिजन पार्टी में शामिल होने और एनडीए को समर्थन देने के फैसले पर विवाद बढ़ गया है। टीएमसी नेता मदन मित्रा ने इसे जनादेश के साथ विश्वासघात बताया और कहा कि ममता बनर्जी कानूनी कार्रवाई पर फैसला लेंगी।

पश्चिम बंगाल की राजनीति में बड़ा फेरबदल हुआ है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कई बागी सांसदों ने नेशनलिस्ट सिटिजन पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया है। बागी कई सांसदों ने दावा किया है कि 20 सांसदों का समर्थन उन्हें हैं। नेशनलिस्ट सिटिजन पार्टी में शामिल होने के साथ ही केंद्र में सत्तारूढ़ बीजेपी नेतृत्व वाली एनडीए को समर्थन देने की घोषणा भी कर दी है। बागी सांसदों के एक्शन के बाद आप टीएमसी का बयान भी आ गया है। टीएमसी नेता मदन मित्रा ने लीगल एक्शन लेने की बात कही है।

### टीएमसी नेता मदन मित्रा ने क्या कहा?

'बागी' सांसदों के नेशनलिस्ट सिटिजन पार्टी में शामिल होने पर टीएमसी विधायक मदन मित्रा ने कहा कि सभी सांसदों ने टीएमसी नेताओं के तौर पर चुनाव लड़ा था। उसके बाद दूसरी पार्टी में शामिल होना बेईमानी चरित्र दिखाता है। इतनी छोटी संख्या के साथ अलग पार्टी बनाने के लिए जरूरी संख्या नहीं जुटाई जा सकती। अभी लंबी प्रक्रिया बाकी है। देखते हैं आगे क्या होता है। उन्होंने आगे जोड़ा कि टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी आगे की कानूनी कार्रवाई पर फैसला करेंगी।

## ओमान तट पर डूबी भारतीय नाव : अमेरिकी नेवी के विमान ने आसमान से गिराई लाइफ राफ्ट, 14 भारतीयों की बची जान



नई दिल्ली। ओमान के रास अल हद्द तट से लगभग 80 समुद्री मील की दूरी पर 14 भारतीय नाविकों की जान पर बन आई। उनकी पारंपरिक नौका (धौ) अचानक पानी में डूबने लगी, जिससे हड़कंप मच गया।

अरब सागर में रविवार को एक बड़ा समुद्री हादसा टल गया। ओमान के रास अल हद्द से करीब 80 समुद्री मील दूर भारतीय चालक दल वाला एक जहाज 'स्न्ड्क् विराट 1' डूबने लगा था। संकट की इस घड़ी में अमेरिकी नौसेना का पी-8 मैरीटाइम पेट्रोल एयरक्राफ्ट फरिश्ता बनकर पहुंचा और जहाज पर सवार सभी 14 भारतीय नाविकों की जान बचा ली।

### अमेरिकी विमान ने ऐसे की मदद

जैसे ही संकट की सूचना मिली, अमेरिकी नौसेना का पी-8 मैरीटाइम पेट्रोल एयरक्राफ्ट सबसे पहले घटनास्थल पर पहुँचा। विमान ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आसमान से ही समुद्र में 'लाइफ राफ्ट' गिराई। विमान ने ऊपर से पूरी निगरानी रखी और यह सुनिश्चित किया कि सभी 14 भारतीय नाविक सुरक्षित रूप से डूबती नाव को छोड़कर लाइफ राफ्ट तक पहुँच गए हैं।

### अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग से चला रेस्क्यू मिशन

इस बचाव कार्य में अंतरराष्ट्रीय समुद्री तालमेल की बेहतरीन मिसाल देखने को मिली। अमेरिकी विमान के अनुरोध पर, उस रास्ते से गुजर रहे 'एमवी जबल अली 9' नामक व्यापारी जहाज ने अपना रूट बदला और बचाव के लिए मौके पर पहुँचा। यह जहाज सोहर से मुंबई की ओर जा रहा था।

### भारतीय नौसेना भी अलर्ट पर

इस घटना के बाद भारतीय नौसेना को तुरंत सतर्क कर दिया गया है। भारतीय अधिकारी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और बचाव दल के साथ समन्वय कर रहे हैं। हालांकि अभी अंतिम आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है, लेकिन लाइफ राफ्ट पर सवार सभी 14 नाविकों के सुरक्षित होने की प्रबल संभावना है। राहत और बचाव कार्य फिलहाल तेजी से चल रहा है।

## मणिपुर हिंसा पर एक्शन, लूटे गए हथियारों में से 70 प्रतिशत बरामद; डीजीपी ने हमलावरों को दी कड़ी चेतावनी





इंफाल। मणिपुर के डीजीपी मुकेश सिंह ने कहा कि जातीय हिंसा के दौरान लूटे गए हथियारों में से लगभग 70 प्रतिशत बरामद कर लिए गए हैं। बाकी हथियारों और गोला-बारूद का पता लगाने और बरामदगी की कोशिशें तेज कर दी गई हैं। जो अब भी हथियार और गोला-बारूद रखे हैं, वे इसे सौंप दें अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### डीजीपी ने हमलावरों को दी चेतावनी

डीजीपी ने चेतावनी दी कि जो कोई भी पुलिसकर्मियों और अन्य सुरक्षा बलों पर गोली चलाने या हमला करने की कोशिश करेगा, उसे गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। डीजीपी ने कहा, ऑनलाइन पर गुमराह करने वाली सामग्री फैलाई जा रही हैं। हमारा इंटरनेट मीडिया मॉनिटरिंग सेल की ऐसे लोगों पर नजर है। वहीं, मणिपुर के मुख्यमंत्री वाई. खेमचंद सिंह ने कहा कि जब तक गैर-कानूनी हथियार रखने वाले सभी लोगों से हथियार वापस नहीं ले लिए जाते, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## वित्तमंत्री सीतारमण ने राहुल गांधी पर साधा निशाना, बोलीं- सिर्फ आलोचना करते हैं, नहीं दिखती भारत की तरक्की





नई दिल्ली। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार को घेरने की कोशिश में भारत और उसके लोगों की उपलब्धियों को कमतर आंकते हैं। भाजपा शासन के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित विकसित भारत संकल्प समावेश कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीतारमण ने कहा कि राहुल गांधी जब भी लोकसभा में बोलते हैं, तो उनका उद्देश्य केवल सरकार की आलोचना करना होता है। उन्?हें देश की तरक्?की नहीं दिखती। सीतारमण ने आरोप लगाया कि विपक्ष के नेता देश की उपलब्धियों को स्वीकार करने के बजाय हर मुद्दे पर निराशा और संकट का माहौल बनाने की कोशिश करते हैं।

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार को घेरने की कोशिश में भारत और उसके लोगों की उपलब्धियों को कमतर आंकते हैं। भाजपा शासन के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित विकसित भारत संकल्प समावेश कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीतारमण ने कहा कि राहुल गांधी जब भी लोकसभा में बोलते हैं, तो उनका उद्देश्य केवल सरकार की आलोचना करना होता है। उन्?हें देश की तरक्की नहीं दिखती।

सीतारमण ने आरोप लगाया कि विपक्ष के नेता देश की उपलब्धियों को स्वीकार करने के बजाय हर मुद्दे पर निराशा और संकट का माहौल बनाने की कोशिश करते हैं। उन्हें लगता है कि ऐसा करके वे प्रधानमंत्री मोदी या केंद्र सरकार को निशाना बना रहे हैं, लेकिन वास्तव में वे देश के लोगों की मेहनत और उपलब्धियों को नजरअंदाज कर रहे होते हैं।

सीतारमण ने कहा कि राहुल गांधी कोविड-19 वैश्विक महामारी और पश्चिम एशिया में संघर्ष जैसे बड़े संकटों के दौरान भी भारत की उपलब्धियों को नजरअंदाज करते हैं। सीतारमण ने कहा कि राहुल गांधी लगातार कहते रहते हैं कि अगले कुछ सप्ताह में सब कुछ ढह जाएगा। नेता प्रतिपक्ष बार-बार कहते हैं कि कोई बड़ा संकट आने वाला है, लेकिन भारत के सामने ऐसा कोई संकट नहीं है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सिंधू नदी के जल पर राजनाथ की पाक को कड़ी चेतावनी, बोले- आतंक के आकाओं तक नहीं पहुचेगा चुल्लूभर पानी




नई दिल्ली। आतंकवाद को लेकर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए कहा है कि आतंक के संरक्षकों तक सिंधु नदी का पानी नहीं पहुंचने देंगे। उन्हें हमसे पानी की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। रक्षामंत्री ने साफ तौर पर कहा कि भारत शांति की भाषा न समझने वालों को जवाब देना अच्छे से जानता है और जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को पूरी तरह बंद नहीं करता, तब तक यह जल बंटवारा समझौता निलंबित ही रहेगा। रक्षामंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से सरकार ने दुनिया को दिखा दिया है कि वह उन लोगों को जवाब देना जानती है जो शांति और सद्भाव की भाषा नहीं समझते हैं।

आतंकवाद को लेकर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए कहा है कि आतंक के संरक्षकों तक सिंधु नदी का पानी नहीं पहुंचने देंगे। उन्हें हमसे पानी की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। रक्षामंत्री ने साफ तौर पर कहा कि भारत शांति की भाषा न समझने वालों को जवाब देना अच्छे से जानता है और जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को पूरी तरह बंद नहीं करता, तब तक यह जल बंटवारा समझौता निलंबित ही रहेगा।

रक्षामंत्री सिंह हैदराबाद में आयोजित एक बुद्धिजीवी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि (ढ्ढङ्खञ्ज) को निलंबित किए जाने का जिक्र किया। रक्षामंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से सरकार ने दुनिया को दिखा दिया है कि वह उन लोगों को जवाब देना जानती है जो शांति और सद्भाव की भाषा नहीं समझते हैं।

रक्षामंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर और सैनिकों की बहादुरी पर सवाल उठाने के लिए कांग्रेस और विपक्ष के अन्य नेताओं की भी आलोचना की। रक्षामंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश को एक खास परिवार की जागीर मानती है। रक्षामंत्री राजनाथ ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि भारत के दुश्मनों को यह नहीं भूलना चाहिए कि देश के पास न केवल टीके हैं, बल्कि ब्रह्मोस मिसाइल भी है। रक्षामंत्री ने कहा कि कश्मीर, जो कभी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## झारखंड से छत्तीसगढ़ तक रेल सफर होगा आसान, 291 किमी नई लाइन को केंद्र की मंजूरी



रांची। झारखंड और छत्तीसगढ़ के बीच रेल संपर्क को मजबूत करने की दिशा में केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। लोहरदगा-गुमला-जशपुर-पत्थलगांव-धरमजयगढ़ के बीच लगभग 291 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन को मंजूरी मिल गई है। इस परियोजना के पूरा होने के बाद यात्रियों को झारखंड से छत्तीसगढ़ तक सफर के लिए नया और सुगम रेल मार्ग मिलेगा। लंबे समय से इस रेल लाइन की मांग क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, व्यापारिक संगठनों और आमलोगों द्वारा की जा रही थी।

राज्यसभा के पूर्व सांसद महेश पोद्दार, सांसद समीर उरांव समेत कई जनप्रतिनिधियों ने समय-समय पर इस मुद्दे को संसद में उठाया था। वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने भी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर परियोजना को जल्द मंजूरी देने का आग्रह किया था। झारखंड चैंबर आफ कामर्स ने भी इस रेल लाइन के समर्थन में पहल की थी।

रेल परियोजना से सबसे अधिक लाभ गुमला और जशपुर जैसे जनजातीय बहुल क्षेत्रों को मिलने की उम्मीद है। अभी इन इलाकों के लोगों को लंबी दूरी तय करने के लिए सड़क मार्ग पर निर्भर रहना पड़ता है। नई रेल लाइन बनने से यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित और कम समय में यात्रा की सुविधा मिलेगी। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए दूसरे शहरों तक पहुंच आसान होगी।

जानकारों के अनुसार, छत्तीसगढ़ में धरमजयगढ़-खरसिया रेल लाइन पहले से बन चुकी है, जबकि धरमजयगढ़-कोरबा रेल लाइन पर काम चल रहा है।

### झारखंड और छत्तीसगढ़ के बीच रेल नेटवर्क होगा मजबूत

ऐसे में नई रेल लाइन तैयार होने के बाद झारखंड और छत्तीसगढ़ के बीच रेल नेटवर्क और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सीएम विष्णु देव साय बोले - स्वर्णिम रहा पीएम मोदी के 12 वर्षों का कार्यकाल, गिरिराज ने कहा- गांव से संसद तक बना जीत का शतक





रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनादेश के साथ निर्वाचित होकर लगातार 12 वर्षों से पीएम के रूप में कार्य करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता की ओर से उनको बहुत-बहुत बधाई। 12 वर्षों का यह कार्यकाल स्वर्णिम और ऐतिहासिक रहा। प्रधानमंत्री मोदी खुद को प्रधानमंत्री नहीं, प्रधान सेवक कहते हैं। 140 करोड़ भारतवासियों को अपना परिवार मानते हैं। ये बातें छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने शनिवार को एक निजी होटल में आयोजित मीडिया कॉन्क्लेव में कहीं।

सीएम साय ने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' को मूलमंत्र मानते हुए दिन और रात 140 करोड़ भारतवासियों की सेवा करते हैं। मोदी के नेतृत्व में नए भारत का निर्माण हो रहा है। एक समृद्ध और सशक्त भारत का निर्माण हो रहा है। एक ऐसा भारत जो किसी को छेड़ता नहीं है और छेड़ने वाले को छोड़ता भी नहीं है। दुश्मनों को घर में घुसकर मारता है। ऐसे नए भारत का निर्माण प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में हुआ है। 12 वर्षों में प्रधानमंत्री ने देश के विकास के लिए अद्भुत काम किए हैं। अगर गरीब कल्याण की बात करें तो सरकार ने जन-धन योजना के तहत 58 करोड़ से ज्यादा बैंक खाते खोले, जिनमें 32 करोड़ से ज्यादा खाते सिर्फ महिलाओं के हैं।

उन्होंने कहा कि कोरोना जैसी महामारी के मुश्किल वक्त से लेकर अब तक 81 करोड़ से ज्यादा देशवासियों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। इलाज के खर्च से गरीब को बचाने के लिए आयुष्मान भारत योजना में 60 करोड़ से ज्यादा हेल्थ कार्ड बने हैं, जिससे मुफ्त इलाज की गारंटी मिली है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से भी 58 करोड़ से ज्यादा लोगों को एक मजबूत सुरक्षा कवच मिला है। गरीबों के जीवन को आसान बनाने के लिए पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ से ज्यादा परिवारों को पक्के मकान दिए गए हैं। उज्ज्वला योजना के जरिए 11 करोड़ महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन देकर धुएँ से आजादी दी गई है।

केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि हमने ग्राम पंचायत से लेकर संसद तक राष्ट्रीय सरकार तक जीत का शतक बनाया और कांग्रेस ने हार का शतक बनाया। 22 राज्यों में हमारी सरकार है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 12 वर्षों के कार्यकाल में विकास के साथ विरासत का संरक्षण और विरासत के साथ विकास का संवर्धन करने का काम किया है। पीएम मोदी ने पहली बार वन नेशन वन टैक्स की व्यवस्था लागू करके भारत की अर्थव्यवस्था सुधारने की दिशा में अहम कार्य किया। आज दुनिया के 22 देश भारत के साथ भारतीय मुद्रा रुपए में कारोबार कर रहे हैं। यह हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है। 16 लाख करो? रुपए के बजट को 53.5 लाख करोड़ रुपए तक लाने का काम मोदी-सरकार ने किया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

### मेडिकल कॉलेज हास्पीटल में सांप काटे की मरीज का समुचित इलाज नहीं, भड़के मरीज के परिजन



"घुमका सलोनी से सांप काटे के इलाज के लिए आई बुजुर्ग महिला का हास्पीटल में एंटी वेनम सहित और भी कारगर इलाज की सुविधा दी जा रही है। उक्त महिला को कोबरा नाग ने काटा है इससे उसकी हालत क्रिटिकल है फिर भी उसे समुचित इलाज सुविधा दी जा रही है।

**डॉ. अतुल देशकर**
**अधीक्षक - मेडिकल कॉलेज हास्पीटल -(पेंड्री)**

**राजनांदगांव (दावा)।** शहर के पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज हास्पीटल में रविवार को कथित रुप से डाक्टरों की लापरवाही देखने में आई। एक तो रविवार होने के कारण डाक्टर ड्यूटी में नहीं थे। ले-देकर एक डाक्टर ने सांप काटे के मरीज को थोड़े से देखा और इलाज के प्रीस्केप्शन दे उसे वैसे ही छोड़कर चला गया। इधर सांप काटे के मरीज महिला का बीपी हाई होने व पल्स रेट हाई होने से घबराया हुआ बेटा उधर-उधर डाक्टरों को खोजने लगा लेकिन रविवार होने के कारण एक भी डाक्टर नहीं मिलने से रुआंसे हो गया और अपनी किस्मत को कोसने लगा कि सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का दंभ भरने वाले मेडिकल कॉलेज हास्पीटल में अपनी मां को त्वरित इलाज के लिए लाकर कोई गुनाह तो नहीं कर दिया। बहरहाल रविवार को डाक्टरों के अभाव में घुमका सलोनी गांव से आए सांप काटे की मरीज महिला के समुचित इलाज नहीं मिलने से मरीज का बेटा बेजार होकर मेडिकल कॉलेज हास्पीटल की व्यवस्था पर अपना गुस्सा निकालने लगा। उसका कहना है कि रविवार को ऐसे कथित सर्व सुविधायुक्त हास्पीटल में डाक्टरों के नदारत रहने का ऐसा कोई नियम है क्या जिससे इलाज के अभाव में मरीजों को परेशानियां का सामना करना पड़ता है। गनीमत है कि सांप काटने से उसकी मां की जान गई नहीं अभी बची हुई है लेकिन बीपी हाई होने पल्स रेट बढ़ने से कब क्या हो सकता है कुछ कहा नहीं जा सकता।

#### मरीज का डाक्टरों द्वारा समुचित हो रहा इलाज

मेडिकल कॉलेज के डाक्टर चेतन साहू ने बताया कि रविवार को 10.20 बजे घुमका सलोनी से सांप काटे का इलाज के लिए एडमिट हुई बुजुर्ग महिला को डाक्टरों द्वारा समुचित इलाज किया जा रहा है। हालांकि स्टाफ की कमी है पर उनका इंटर्नस डाक्टरों द्वारा अपने-अपने ढंग से सांप काटे का इलाज किया गया है। चूंकि सांप जहरीला है इसलिए आक्सीजन 50 से 60 में आ गया। शाम को वह स्वयं देखकर गए है और इलाज में कोई कोताही नहीं बरती जा रही है। मरीज को ठीक होने में एक-दो दिन का समय लग सकता है।

### कांग्रेस सरकार के 5 साल में लालबत्ती में घूमने वाले और सोए हुए पार्षद आज कर रहे हैं नौटंकी-जमाल खान



**राजनांदगांव (दावा)।** जिला भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया (उत्तर मंडल) के सहसंयोजक जमाल खान ने कांग्रेस नेताओं पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने बयान जारी कर कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार के 5 साल के कार्यकाल में जो कांग्रेसी नेता लालबत्ती में घूमते थे और जो वर्तमान वार्ड पार्षद अब तक सोए हुए थे, वे आज बजरंगपुर नवागांव और मोतीपुर की जनता के सामने नौटंकी कर रहे हैं। जमाल खान ने चुनौती देते हुए कहा कि कांग्रेस नेता जनता को बताएं कि उनकी सरकार के समय मोतीपुर या बजरंगपुर नवागांव में एक भी विकास कार्य किया गया हो। भाजपा नेता जमाल खान ने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि बजरंगपुर नवागांव में पानी की समस्या कोई आज की नई समस्या नहीं है। इस गंभीर समस्या को ध्यान में रखते हुए हमारे लाडले विधायक और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी ने क्षेत्र में पानी टंकी का निर्माण कराकर बजरंगपुर नवागांव की जनता को एक बड़ी सौगात दी है, जिससे आने वाले समय में पेयजल संकट दूर होगा। कांग्रेस के वर्तमान प्रदर्शनों पर कटाक्ष करते हुए जमाल खान ने कहा कि पूर्व की भूपेश बघेल सरकार के समय बजरंगपुर नवागांव की नाली, पानी और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए हमें चक्काजाम और अनशन जैसे कड़े कदम उठाने पड़े थे। उन्होंने सवाल उठाया कि जनता की तकलीफों के समय ये 'मटकी फोड़ू' नेता कहां छिपे थे? उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी कथनी पर नहीं बल्कि करनी पर विश्वास करती है और भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता हमेशा जनता के सुख-दुख में उनके साथ पूरी मजबूती से खड़ा रहता है।

### शेख मुस्ताक का निधन

**राजनांदगांव (दावा)।** भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया (उत्तर मंडल) के जिला सहसंयोजक जमाल खान के ससुर एवं गोंदिया निवासी शेख मुस्ताक का शनिवार 13 जून को निधन हो गया। उनके निधन की खबर से परिजनों एवं शुभचिंतकों में शोक की लहर है। विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है।







# पारंपरिक खेल, योगा, गीत-संगीत एवं जुम्बा डांस के साथ मस्ती की पाठशाला का हुआ रंगारंग समापन

**पाठशाला के सफल आयोजन के लिए महापौर ने जताया आभार**



**राजनांदगांव (दावा)।** 3 मई से प्रारंभ होकर 7 सप्ताह तक अलग अलग खेलो के साथ मस्ती की पाठशाला का भारी भीड़ के बीच आज समापन हुआ। समापन अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि नागरिको की मांग पर स्वस्थ मनोरंजन के लिए नगर निगम द्वारा मस्ती की पाठशाला आयोजित की गयी। 7 सप्ताह के गरिमामय आयोजन के बाद आज मस्ती की पाठशाला का समापन हो रहा है। उन्होंने कहा कि सुबह 6 बजे से ही बच्चे परिवार सहित भारी संख्या में पहुॅच हर सप्ताह इसका आनंद उठाए है। पाठशाला के सफल आयोजन के लिए मैं सभी संस्थाओ का जिन्होंने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग किया उनका आभार व्यक्त करता हूॅ। साथ ही मेरे निगम परिवार के पार्षद साथी तथा अधिकारी कर्मचारी जिन्होंने आयोजन में अपनी महती भूमिका निभाई एवं यातायात की टीम जिन्होंने व्यवस्था में सहयोग किया उन सबका भी मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूॅ। उन्होंने कहा कि 16 जून से शिक्षा सत्र प्रारंभ हो रहा है, साथ ही बारिश भी आने वाली है, जिसे ध्यान मे रखकर पाठशाला को विरांम दिया जा रहा है। आगामी वर्षो में इसे और भव्य रूप में आयोजित किया जायेगा।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने भी मस्ती की पाठशाला में उपस्थित होकर उत्साह वर्धन कर पाठशाला की सराहना की। आज की पाठशाला का शुभारंभ योगाभ्यास से हुआ, उसके पश्चात बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिलाए सभी वर्ग के लोगो ने पारंपरिक खेल रस्साकसी, मटकी फोड, रस्सी कुद, पिट्ठूल, भौरा, बेडमिंटन, साप सीढी, कराटे, तिरंदाजी, जैसे विभिन्न खेलो का मजा लिए। वही बच्चे झुला, फिसल पट्टी, रिंग डालना, निशाना लगाना आदि खेल का आनंद लेकर चित्रकला के माध्यम से अपनी प्रतिभा उकेरे, जिन्हें यामिनी कला केन्द्र द्वारा पुरूस्कृत किया गया। इसके अलावा छोटे बड़े सभी लोगो ने गाना गाकर गीत-संगीत का आनंद उठाए, वही जुम्बा डॉस में छत्तीसगढ़ी, हिन्दी, गानो में अंत तक थिरकते नजर आए। बाली अखाडा के छोटे बड़े बच्चों ने आग का गोला घुमाने के अलावा अखाडा के विभिन्न प्रदर्शन कर लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिए। महापौर मधुसूदन यादव स्वयं गाना गाकर अखडा में प्रदर्शन किए।

सभी वर्ग के लोगो ने मस्ती की पाठशाला की सराहना कर कहा कि पाठशाला में आने के लिए बच्चो में एक दिन पहले से उत्साह रहता था और सुबह अपने मन से उठकर तैयार हो पाठशाला मे चलने जिद करते थे। उन्होंने कहा कि आज के इस मोबाईल के युग में यहा आकर हमारी बचपन की यादे ताजा हो जाती थी। क्योकि आजकल पारंपरिक खेल, खेलना तो दूर देखने को नही मिलता। बच्चे, युवा एवं महिलाओ ने ठंड के दिनों में दिसम्बर में मस्ती की पाठशाला आयोजित करने की महापौर से मांग की।

आज के मस्ती की पाठशाला में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करनें वालो को पुरूस्कृत किया गया। महाकाल सेना एवं बड़े व्यापारिक संगठन ने महापौर, आयुक्त एंव निगम अध्यक्ष का सम्मान कर उपस्थितजनो को उन्होने चाय-बिस्कीट का वितरण किया, वही छत्तीसगढ़ टेन्टल कालेज की ओर से हेल्थ जॉचकर काढा वितरण किया गया।

हर सप्ताह सहयोग करने पर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बाडी टेक जीम, रीदम रिवाल्युसन ग्रुप, पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास तथा योगासन स्पोर्टस एसोसिएशन ग्रुप,मदर टेरेसा ग्रुप, ब्लड डोनेड संघ, यामिनी कला केन्द्र, राजनांदगांव रनर ग्रुप, इंडियन टी.वी.एस कम्पनी, महाकाल सेना, व्यापारिक संगठन के अलावा खेल जगत से हॉकी, कराटे, तीरंदाजी आदि संघों का आभार व्यक्त किया। आज के मस्ती की पाठशाला में निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा के अलावा पार्षदो सहित बच्चे, युवा एवं बुजुर्गो की परिवार सहित बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## जिला साहू संघ के चुनाव में नोबल साहू रहे विजेता



**समाज के लोगों ने हार फूल गुलाल लगाकर किया स्वागत**

राजनांदगांव (दावा)। रविवार 14 जून को साहू भवन बसंतपुर में जिला साहू संघ का त्रिवर्षीय चुनाव का आयोजन किया गया। इस चुनाव में पूरे जिले भर के लगभग 2125 के करीब साहू मतदाताओं ने अपने मतों के प्रयोग किए। भारी गहमा-गहमी के बीच संपन्न हुए साहू संघ के इस बहुप्रतीक्षित चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए पांच प्रत्याशी अपने भाग्य आजमा रहे थे। जानने में आया है कि इस चुनाव में जिला साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष रहे दमदार प्रत्याशी कमल किशोर साहू को लगभग 82 वोटों से पीछे छोड़ते हुए युवा प्रत्याशी नोबल साहू ने जीत दर्ज की ही।

नौबल साहू को विजेता घोषित किए जाते ही उनके समर्थकों ने उसे हार फूलों से लाद दिया और रंग-गुलाल लगा कर भाव भीना स्वागत किया गया। रविवार को बसंतपुर समीप स्थित साहू भवन में आयोजित जिला साहू संघ के उक्त चुनाव में पांच उपाध्यक्ष व संगठन सचिव के लिए पुरुष और महिला प्रत्याशी उतरे हुए थे।

चुनाव एजेंट बिसनाथ साहू और ज्ञानचंद साहू द्वारा मिली जानकारी के अनुसार उपाध्यक्ष पद के पांच महिला प्रत्याशियों में से श्रीमती अंजू साहू सबसे अधिक 639 वोट पाकर विजयी रही। इसमें दूसरे नंबर पर रही शैलेंद्री साहू को 565 मत, पूर्व पार्षद जमुना देवी साहू को 488 मत इंदूमति साहू को 314 मत तथा राजेश्वरी साहू को मात्र 81 मत मिले, इसी तरह उपाध्यक्ष पद पुरुष के लिए देवेंद्र कुमार साहू को सर्वाधिक 746 मत मिले जो अपने निकटतम प्रत्यशी ओमप्रकाश साहू को मिले 663 मतों में से 83 मतों से विजयी रहे। इसी तरह बिसनाथ साहू को 337 मत तथा जीवन लाल साहू को 336 मत मिले।

जिला साहू संघ के संगठन सचिव चुनाव में देवानंद साहू 880 मत पाकर विजयी रहे। उन्होंने अपने निकटतम प्रत्याशी लवींद्र साहू को 184 मतों से पछाड़ा। इसमें टहलुराम साहू 470 वोट पाकर संतुष्ट रहे। वहीं महिला संगठन सचिव पद के लिए प्रत्याशी रही। इंदू साहू 576 वोट पाकर विजयी रही। उन्होंने अपने निकटतम प्रत्याशी श्रीमती गीता साहू जिसे 535 वोट मिले जिसे 41 वोटों से पछाड़ा , इसमें अनिता साहू 480 वोट तथा प्रमिला साहू 475 वोट पाकर संतुष्ट रही। साहू समाज के? लोगों ने अपने चहेते उम्मीदवार के विजयी होते ही मतदान स्थल पर खुशियां मनाना शुरू कर दिया और अपने विजयी प्रत्याशी को हारफूल पहना कर रंग गुलाल से नहला दिया। इस दौरान साहू के लोगों में खुशियों का पारावार न रहा और छत्तीसगढ़ साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू सहित साहू समाज के वरिष्ठ लोगों ने अध्यक्ष पद से लेकर उपाध्यक्ष पद व संगठन सचिव के लिए विजयी हुए प्रत्याशियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## विश्व रक्तदान दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर आयोजित



**70 रक्तवीरों ने किया रक्तदान, मानव जीवन बचाने का दिया संदेश**

**राजनांदगांव (दावा)।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर शंकरपुर वार्ड क्रमांक 7 स्थित लगन वाटिका मैरिज पैलेस में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर समाजसेवी निखिल रामटेके के तत्वावधान में आयोजित हुआ जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शिविर को सफल बनाने में बालाजी ब्लड सेंटर की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम के कुशल मार्गदर्शन एवं व्यवस्थाओं के चलते रक्तदान शिविर सुचारू रूप से संपन्न हुआ। शिविर में कुल 70 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव जीवन की रक्षा हेतु अपना अमूल्य योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन प्रदान कर सकता है। ऐसे आयोजनों से समाज में जागरूकता बढ़ती है और अधिक से अधिक लोग रक्तदान के लिए प्रेरित होते हैं। विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर आयोजित यह शिविर समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को सशक्त करने वाला एक प्रेरणादायी प्रयास साबित हुआ।

## भीषण गर्मी, उमस और शिक्षा विभाग की अधूरी तैयारियों के बीच स्कूल खोलना बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ : अभिमन्यु



**1 जुलाई से शुरू हो नया शैक्षणिक सत्र**

**राजनांदगांव (दावा)।** प्रदेश कांग्रेस मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने राज्य सरकार से मांग की है कि प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी, असहनीय उमस तथा स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं की कमी को देखते हुए नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत 16 जून के बजाय 1 जुलाई से की जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में स्कूल खोलने का निर्णय बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ गंभीर जोखिम पैदा कर सकता है, उन्होंने कहा कि राजनांदगांव सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है। कई क्षेत्रों में हल्की बारिश के बाद गर्मी और उमस की स्थिति और अधिक विकट हो गई है। मौसम विभाग लगातार लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दे रहा है ऐसे समय में छोटे-छोटे बच्चों को घंटों तक स्कूलों में बैठाना उचित नहीं है। बच्चे हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन, उल्टी-दस्त और अन्य मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। सरकार को बच्चों की जान और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल मौसम ही चिंता का विषय नहीं है, बल्कि शिक्षा विभाग की तैयारियां भी अधूरी हैं। प्रदेश के अनेक स्कूलों में अब तक नए सत्र की पाठ्य पुस्तकें नहीं पहुंची हैं।

## अवैध चर्च में धर्मांतरण के आरोपों पर हिंदू जागरण मंच का प्रदर्शन



**राजनांदगांव (दावा)।** हिंदू जागरण मंच ने धर्मांतरण के खिलाफ सोपे ज्ञापन जिलाधीश एवं जिला पुलिस अधीक्षक महोदय जी को एमजीएम स्कूल पनेका मे बने अवैध चर्च पर लगाए धर्मांतरण करने का आरोप जांच कर एफआईआर दर्ज करने बाबत सिर्फ स्कूल संचालक की अनुमति ली गई थी अवैध रूप से चर्च का संचालन कर हिंदुओं का धर्मांतरण कराया जा रहा है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश हैं प्रत्येक रविवार को बाहर बाहर से लोगों को प्रार्थना करने बुलाया जाता है एवं पढ़ाई कर रहे हैं बच्चों को मत्तांतरण करने का कार्य किया जाता है जिससे हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचती है विशेष जांच समिति गठित कर धर्मांतरण करने वालों के खिलाफ जांच की जाए एवं उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए धर्मांतरण अगर बंद नहीं हुआ मतांतरण अगर बंद नहीं हुआ तो हिंदू जागरण मंच उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होगा इसके जिम्मेदार संचालक एवं प्रशासन होंगे इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच के सुशील लड्ढा सविता बॉस प्रभात गुप्ता राजा जुगल गुप्ता संजय मिश्रा नीलू साहू भोला यादव रिंकू तिवारी भव्य देवांगन महेंद्र जंगल हरीश भानुशाली मनोज गोलछा आनंद गुप्ता संतोष टूरहते रोहित यादव ऋषभ मल रितेश साहू पंपा सिंन्हा आशीष कुमार मौसमी शर्मा हेमलाल ढीमर प्रणेश आशीष आनंद गुप्ता राजू साव एवं हिंदू जागरण मंच के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रकाश साहू का अग्निवीर में सैनिक पद पर चयनित



**राजनांदगांव (दावा)।** ग्राम मोखला निवासी नोहर साहू रितेश्वरी साहू के सुपुत्र प्रकाश साहू (चैतूराम साहू के नाती) का अग्निवीर सैनिक पद पर चयनित हुए हैं। अग्निवीर सैनिक पद पर चयन होने पर ग्राम पंचायत मोखला के सरपंच श्रीमती चुम्मन हेमशंकर साहू पंचगण एवं ग्राम विकास समिति के समस्त सदस्य होने बधाइयां एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है। प्रकाश साहू बहुत ही होनहार छात्र हैं। गांव में हर्ष का माहौल है।उनके इस उपलब्धि पर शिक्षकों व ग्रामीणों ने भी बधाइयाँ दी है।

### रेत का अवैध परिवहन करने पर हाईवा जप्त

**राजनांदगांव (दावा)।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन, भण्डारण एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में राजस्व विभाग द्वारा डोंगरगढ़ में रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर हाईवा क्रमांक सीजी 08 बीसी 9633 पर कार्रवाई करते हुए जप्त कर थाना डोंगरगढ़ को सुपुर्द किया गया।ह्यह्यह्यह्य

## युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पद के लिये मानव देशमुख ने दिल्ली में दिया इंटरव्यू



**क्षत्रिय समाज से आते ह मानव**

**राजनांदगांव(शहर)।** छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस में सदस्यता अभियान और चुनाव प्रक्रिया शुरू होचुकी है, पूरे प्रदेश में ब्लॉक, विधानसभा, जिला, प्रदेश महासचिव और प्रदेश अध्यक्ष के पद में चुनाव होने वाला है, इसी क्रम में युवा कांग्रेस निवार्चित प्रदेश महासचिव मानव देशमुख को प्रदेश अध्यक्ष चयन के योग्य उम्मीदवार मानते हुए दिल्ली बुलाया गया था, दिल्ली में युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, और राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा द्वारा उनका प्रदेश अध्यक्ष पद का इंटरव्यू लिया गया, मानव द्वारा लगातार प्रदेश के युवाओं के बीच संपर्क, उग्र आंदोलन और समाज सेवा का कार्य बीते 5 वर्ष से किया जारहा है, मानव को पूर्व में युवा कांग्रेस प्रदेश प्रभारी महामंत्री छत्तीसगढ़ प्रशासन की जिम्मेदारी दी गयी थी जिसके चलते पूरे प्रदेश के समस्त विधानसभा अध्यक्ष को संघठन संबंधित जानकारी देना और उनकी रिपोर्टिंग राष्ट्रीय नेतृत्व को देने का प्रभार था यह उनके पूरे प्रदेश में लोकप्रियता का पैमाना माना जारहा है, मानव बीते वर्ष में राजधानी रायपुर, दुर्ग ग्रामीण, राजनांदगांव लोकसभा और भिलाई नगर के भी प्रभारी रह चुके है और भिलाई विधायक देवेंद्र यादव के करीबी माने जाते है, इसके चलते उनको प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस का प्रबल दावेदार माना जारहा है, वह हाल ही में कुर्मी युवा संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष भी बनाए गये है और पूर्व महापौर हेमा सुदेश देशमुख के सुपुत्र भी है, वह कुर्मी क्षत्रिय समाज से आते है, और छत्तीसगढ़ में पिछड़े समाज की बहुसंख्यक तादाद के कारण उनपर संगठन द्वरा दांव खेला जा सकता है, देखा जाये तो प्रदेश अध्यक्ष साक्षात्कार कार्यक्रम में दिल्ली छत्तीसगढ़ से 35 युवा कांग्रेस पदाधिकारी को बुलावा आया था, राजनांदगांव शहर से एकमात्र मानव देशमुख ही दिल्ली पहुँच के यह प्रदेश अध्यक्ष साक्षात्कार कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज करायी है, अभी छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस चुनाव की नामांकन प्रक्रिया शुरू होगयी है, सूत्रों के अनुसार लगभग 10 जुलाई से 10 अगस्त के बीच चुनाव सम्पन्न किया जायेगा।

# जलसंकट पर कांग्रेस का प्रदर्शन, महिलाओं ने सड़क पर फोड़ी मटकी

## सीएम, स्थानीय विधायक, सांसद और महापौर के खिलाफ लगे नारे



**राजनांदगांव (दावा)।** नगर निगम राजनांदगांव में पानी की आपूर्ति की समस्याओं को लेकर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के निर्देश पर उत्तर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चेतन भानुशाली के नेतृत्व में वार्ड 01, नवागांव में पानी टंकी के सामने वार्डवासियों के साथ मटका फोड़ प्रदर्शन किया गया। वार्ड पार्षद, पदाधिकारियों और वार्डवासियों ने निगम प्रशासन और भाजपा के खिलाफ जमकर आक्रोश व्यक्त किया। महिलाओं ने सड़क पर मटके पटके और निगम को इसके लिए जिम्मेदार बताया। प्रदर्शनकारी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्थानीय विधायक डा रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे ओर महापौर मधुसूदन यादव की तस्वीरों के पोस्टर हाथ में लिए प्रदर्शन कर रहे थे।

उत्तर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चेतन भानुशाली ने कहा कि भाजपा के नेता किस ट्रिपल इंजन सरकार में तरक्की का दावा करते हैं। यह वह इंजन है जो आगे नहीं पीछे की और दौड़ रहा है। देश से लेकर निकाय तक आम आदमी मुलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा है। निगम में पेयजल आपूर्ति की समस्या बनी हुई है। इसमें सुधार के काई उपाय नहीं हो रहे हैं। अलबत्ता, करोड़ों के काट अटके हुए हैं और महिलाओं को सड़कों पर आकर मटके फोड़ने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

वार्ड 01, नवागांव पार्षद राजा तिवारी ने कहा कि मैं लगातार निगम के सामने क्षेत्र में जल समस्या का मुद्दा उठाता आ रहा हूं। बार बार उन्हें ध्यान दिलाया जाता है कि वार्डवासियों को निजी बोर और दूसरे विकल्पों पर निर्भर होना पड़ रहा है। पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। लेकिन अब तक निगम के पास इसके लिए कोई कार्ययोजना नहीं है। महापौर मधुसूदन यादव निरीक्षण में निर्देश देते दिखाई देते हैं लेकिन क्या उस पर कोई अमल होता है। हमारे वार्ड की समस्याएं कई बार सामने रखी गई हैं लेकिन हासिल कुछ नहीं है।

प्रदर्शनकारी रविवार की सुबह चिलचिलाती धूप में 11 बजे नवागांव स्थित पानी टंकी के सामने जुटे। बड़ी संख?या में वार्ड की महिलाएं सिर पर खाली मटके लेकर आई थीं। यहां ट्रिपल इंजन सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। पानी के संकट को लेकर वार्डवासियों ने भी अपनी भड़ास निकाली। मुख्यमंत्री, स्थानीय विधायक, सांसद और महापौर के खिलाफ नारे लगे। जिसके बाद सड़क पर ही मटका फोड़कर अपना गुस्सा जाहिर किया।

इस दौरान कमलजीत सिंह पिंटू, अशोक पंजवानी, विनय झा, शरद खंडेलवाल, ललित मरकाम, सुरेन्द्र देवांगन, समीर द्विवेदी, अमर झा, गोलू महानन्द, राजेश रंगारी, पूर्णिमा नागदेवे, गोलू नायक, केशव पटेल, सुरेन्द्र गजभिये, विशु आजमानी, संदीप सोनी, अभिमन्यू मिश्रा, शिवम गढ़पायले, हिमालय बंधे, निश्चय बुराडे, राहुल चौबे, सोनू साहू, रीना पटेल, ललिता साहू, नितिन मेश्राम, विनोद, नंदकुमार साहू, दानिश कुरैशी, शेख आसिफ, निर्मल द्विवेदी, रेहान मिर्जा, अमीर खान, सिद्धार्थ सोनी, नीलेश ठावरे, राहुल बंधे, राहुल चौबे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता व वार्डवासी मौजूद थे।

# राजनांदगांव में प्री-स्कूल 'लिटिल मिलेनियम' का हुआ भव्य शुभारंभ

**प्रवेश प्रारंभ**



**राजनांदगांव (दावा)।** बच्चों के उज्वल भविष्य और उनके सर्वांगीण विकास को नई दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से देश के प्रतिष्ठित एवं अग्रणी प्री-स्कूल ब्रांड 'लिटिल मिलेनियम' ने अब राजनांदगांव में अपनी नई शाखा प्रारंभ कर दी है। हाल ही में विद्यालय के नवीन परिसर का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार भी विशेष रूप से उपस्थित थे एवं शहर के अनेक प्रतिष्ठित नागरिक, शिक्षाविद, समाजसेवी एवं गणमान्यजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे तथा इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक पहल की सराहना की।

यह संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले स्वर्गीय विजय पांडे एवं श्रीमती वसुंधरा पांडे की प्रेरणादायी स्मृतियों को समर्पित है। विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ श्रेष्ठ संस्कार प्रदान कर उनके व्यक्तित्व का समग्र विकास सुनिश्चित करना है। वर्तमान समय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विद्यालय को अत्याधुनिक डिजिटल तकनीक एवं आधुनिक शिक्षण संसाधनों से सुसज्जित किया गया है, जिससे बच्चों की रचनात्मकता, जिज्ञासा एवं छिपी हुई प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिल सके। 'लिटिल मिलेनियम' भारत के सबसे विश्वसनीय एवं सफल प्री-स्कूल नेटवर्क में से एक है, जिसकी देश के 175 से अधिक शहरों में शाखाएँ संचालित हो रही हैं।

विद्यालय में 2 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए सुरक्षित, आनंददायक एवं गतिविधि-आधारित शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराया गया है, जहाँ उनके बौद्धिक, भावनात्मक, सामाजिक एवं शारीरिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। अनुभवी शिक्षकों एवं आधुनिक शिक्षण पद्धति के माध्यम से बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा का मजबूत आधार प्रदान किया जाएगा।

शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए सीमित सीटों पर प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। संस्था की सीएलओ श्रद्धा रेड्डी ने अभिभावको से अपील करते हुए कहा की अपने बच्चों के बेहतर भविष्य एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रारंभिक शिक्षा के लिए विद्यालय परिसर, कैलाशनगर, राजनांदगांव में संपर्क कर सकते हैं।

# दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष विद्यालयों में प्रवेश प्रारंभ

**राजनांदगांव (दावा)।** उपसंचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली मरडवार ने बताया कि राजनांदगांव जिला मुख्यालय में संचालित दिव्यांग बच्चों के विशेष विद्यालयों में शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुका है, इच्छुक पालक बालक दिव्यांगता के अनुरूप निम्न विद्यालय में संपर्क कर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं,जिसके तहत शासकीय बौद्धिक मंदता वाले विशेष विद्यालय, राष्ट्रीय राज्य मार्ग क्रिश्चियन हॉस्पिटल से पहले 18 एकड़ रोड, राजनांदगांव में बौद्धिक मंदता वाले बालक बालिकाओं के लिए, दृष्टि, अस्थि एवं सी पी एम आर बालिकाओं के लिए अभिलाषा दिव्यांग जनों के कल्याणार्थ शिक्षण प्रशिक्षण सह पुनर्वास संस्थान महारानी लक्ष्मीबाई शाला परिसर, पुराना रेस्ट हाउस रोड राजनांदगांव, श्रवण बाधितार्थ बालक बालिकाओं के लिए आस्था मूक बधिर विद्यालय डोंगरगांव रोड श्री राम हॉस्पिटल के पास राजनांदगांव, ये सभी आवासीय विद्यालय हैं एवं मनोकामना मनो विकास शाला बल्देव बाग राजनांदगांव जो कि गैर आवासीय विद्यालय है यहां भी बौद्धिक मंदता वाले बालक बालिकाओं के प्रवेश दिला सकते हैं, समस्त विद्यालयों में प्रवेश के लिए न्यूनतम 40 प्रतिशत दिव्यांग होना अनिवार्य है । प्रवेश के लिए आवश्यक प्रमाण पत्र जिसमें दिव्यांगता यू डी आई डी , पालक बालक का आधार कार्ड, आय, जाती, निवास, बालक बालिकाओं का अद्यतन बैंक खाता नंबर आई फ एस सी कोड के साथ एवं 4 पासपोर्ट साइज का रंगीन फोटो आवश्यक है, प्रवेश के लिए उम्मीदवार की आयु सीमा 06 से 18 वर्ष होना चाहिए, मनोकामना को छोड़ शेष समस्त विद्यालयों में आवास, भोजन आदि की सुविधा सहित पठन पाठन सामग्रियां निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। अधिक जानकारी के लिए इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं शासकीय बौद्धिक मंदता वाले विशेष विद्यालय सामर्थ्य 9303808086, अभिलाषा 9827154231, आस्था 6260441289, मनोकामना 7804859616। उक्त जानकारी उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली मरडवार द्वारा दी गई।

# गुजराती स्कूल में शिक्षकों एवं छात्रों के लिए कार्यशाला : 'बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ बेहतर संस्कार देना शिक्षकों का कर्तव्य'



**राजनांदगांव (दावा)।** गुजराती राष्ट्रीय हायर सेकेंडरी स्कूल, राजनांदगांव में विद्यार्थियों के नैतिक एवं चारित्रिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष 'मोरल एजुकेशन (नैतिक शिक्षा)' कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षकों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया, जहां उनके शैक्षणिक और नैतिक दायित्वों पर विशेष मंथन किया गया।

### शिक्षक समाज के शिल्पकार - रूपम सोनछात्रा

कार्यशाला में संस्था की सचिव सीए रूपम सोनछात्रा ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए उनके महत्वपूर्ण उत्तरदायित्वों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि 'शिक्षक समाज के शिल्पकार हैं। उन्हें अपने कर्तव्य का पूरी निष्ठा से पालन करते हुए बच्चों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रखना है, बल्कि उन्हें एक बेहतर इंसान और जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए नैतिक शिक्षा व उच्च संस्कार भी देने होंगे।' इसके साथ ही प्राचार्या श्रीमती सुषमा शुक्ला एवं उपप्राचार्या श्रीमती अर्पणा श्रीवास्तव ने भी शिक्षकों और छात्रों को मोटिवेट करते हुए शिक्षण पद्धति में सकारात्मकता और नैतिक मूल्यों को शामिल करने पर बल दिया।

### वर्तमान समय में वैल्यू-बेस्ड लर्निंग की आवश्यकता-रूपाली गांधी

प्रसिद्ध मोरल एजुकेशन एवं वैल्यू-बेस्ड लर्निंग ट्रेनर श्रीमती रूपाली गांधी एवं श्रीमती दीपाली ठक्कर ने कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में प्रेरक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को अनुशासन, जिम्मेदारी, करुणा, सहिष्णुता और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर विभिन्न गतिविधियों (एक्टिविटीज) के माध्यम से प्रशिक्षित किया। श्रीमती दीपाली ठक्कर ने बताया कि आधुनिक दौर में शिक्षकों की भूमिका और चुनौतीपूर्ण हो गई है, क्योंकि उन्हें शैक्षणिक सफलता के साथ-साथ बच्चों के भीतर सकारात्मक सोच और नैतिक मूल्यों का बीजारोपण भी करना है। कार्यशाला के प्रारंभ में अतिथि वक्ताओं का सम्मान किया गया तथा अंत में आभार व्यक्त किया गया।

विद्यालय परिसर में आयोजित यह कार्यशाला शिक्षकों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, व्यावहारिक और मार्गदर्शक सिद्ध हुई। इस सफल आयोजन के लिए संस्था के अध्यक्ष विनय पटेल, उपाध्यक्ष पवन पटेल, सचिव सीए रूपम सोनछात्रा, कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल, कार्यकारिणी सदस्य सूरज बुद्धदेव, पीयूष पटेल एवं अन्य सदस्यगण ने पूरी टीम की सराहना की।

# 18 पौवा अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**राजनांदगांव (दावा)।** जिले में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस चौकी तुमडीबोड़ ने अवैध शराब बिक्री करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 18 पौवा देशी प्लेन शराब और बिक्री की रकम जब्त की है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम मचानपार स्थित मिलन दुकान के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है। सूचना पर चौकी तुमडीबोड़ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी सूरज राजपूत (25 वर्ष) निवासी ग्राम मचानपार, चौकी तुमडीबोड़ के कब्जे से एक सफेद प्लास्टिक बोरी में रखे 18 पौवा देशी प्लेन शराब (सुपर-36) तथा बिक्री की 300 रुपये नकद राशि बरामद की गई। जब्त शराब और नकदी सहित कुल जप्ती की कीमत 1,740 रुपये आंकी गई है।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की है।

इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक धनीराम नारगे, सहायक उपनिरीक्षक नंद कुमार फरदिया, आरक्षक लोकेश साहू, चंद्रशेखर यादव, थलेश देशमुख तथा चौकी तुमडीबोड़ स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

राजनांदगांव पुलिस ने कहा है कि जिले में अवैध शराब और नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# प्रसिद्ध भजन गायक चंद्रेश जैन की होगी प्रस्तुति

### आज भक्ति संगीत और दीपोत्सव की त्रिवेणी का भव्य संगम

**राजनांदगांव (दावा)।** संस्कारधानी राजनांदगांव में श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा आयोजित श्री नारायण श्रद्धा, भक्ति, आराधना एवं संकीर्तन की अविरल धारा के अंतर्गत पुरुषोत्तम मास महोत्सव निरंतर भक्तिमय वातावरण में संपन्न हो रहा है। महोत्सव के 15 वें दिवस सोमवार 15 जून 2026 को श्री नारायण धाम में भक्ति, संगीत और दीपोत्सव की त्रिवेणी का भव्य संगम देखने को मिलेगा। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल ने बताया कि दोपहर 3:30 बजे से नगर के सुप्रसिद्ध भजन गायक चंद्रेश जैन अपनी मधुर स्वर गंगा से प्रभु श्रीराम के भजनों की प्रस्तुति देंगे।



**प्रसिद्ध भजन गायक चंद्रेश जैन की होगी प्रस्तुति**

उनके सुमधुर भजन श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति कराएंगे। समिति के उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल एवं राजेश शर्मा ने बताया कि 16 दिवसीय पुरुषोत्तम मास महोत्सव के समापन अवसर पर मंगलवार 16 जून 2026 को प्रातः 10 बजे श्री सत्यनारायण धर्मशाला, नारायण धाम में पंडित कालू महाराज के सान्निध्य में श्री सत्यनारायण कथा, हवन-यज्ञ, पूर्णाहुति एवं विश्व शांति हेतु मंगल कामना का आयोजन किया जाएगा। कथा के यजमान श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के समस्त सदस्यगण रहेंगे।

समिति ने सभी श्रद्धालुओं से श्री सत्यनारायण भगवान की कथा का श्रवण कर विश्व शांति एवं मानव कल्याण की मंगल कामना में सहभागी बनने की अपील की है। उपरोक्त जानकारी सचिव सौरभ खंडेलवाल एवं उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

### 21000 दीपों से सजेगी दिव्य देव दीपावली

**समिति के सह सचिव रामावतार जोशी ने बताया कि पांच विद्वान पंडितों की उपस्थिति में शंखनाद, घंटानाद एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्री सत्यनारायण धर्मशाला से लेकर श्री सत्यनारायण मंदिर तक 21 हजार दीपों से सुसज्जित भव्य देव दीपावली का आयोजन किया जाएगा। इस दिव्य आयोजन के विशेष सहयोगी राकेश ठाकुर (दिया वाले बाबा), शनि धाम रानी सागर परिवार रहेंगे। देव दीपावली के माध्यम से बच्चों को संस्कार शिक्षा, "करें योग रहें निरोग", "पौधे लगाओ-वृक्ष बचाओ", "जल बचाओ-जीवन बचाओ", "स्वदेशी अपनाओ" तथा "गौ माता को राष्ट्र माता बनाने" जैसे जनजागरण संदेश भी दिए जाएंगे। संस्कारधानी के नागरिकों के सहयोग से आयोजित इस अनूठे आयोजन में प्रत्येक श्रद्धालु एक दीप प्रज्वलित कर देव दीपावली उत्सव में सहभागी बनेगा।**

# आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जिले के प्रवास पर



**कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम में होंगे शामिल**

**राजनांदगांव (दावा)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 15 जून 2026 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 15 जून को सुबह 11.20 बजे विश्राम गृह दुर्ग से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुरगी पहुंचेंगे एवं कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह दोपहर 1.30 बजे ग्राम सुरगी से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1.45 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष शाम 4.30 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 4.40 बजे पुलिस लाईन राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं पहल कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शाम 6 बजे पुलिस लाईन राजनांदगांव से कार द्वारा सेवा सदन बस स्टैण्ड के पास दुर्ग के लिए प्रस्थान करेंगे।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वर्ण पदक विजेता हॉकी खिलाड़ी अवि मानिकपुरी का किया सम्मान

### युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बने अवि - अरुण साव



**रायपुर (दावा)।** अंडर-19 एशिया कप में भारतीय हॉकी टीम के साथ स्वर्ण पदक जीतकर देश और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने वाले युवा हॉकी खिलाड़ी अवि मानिकपुरी का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने अवि की उपलब्धि की सराहना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी लगातार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अवि मानिकपुरी की उपलब्धि प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा है तथा उनकी सफलता से अन्य खिलाड़ी भी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित होंगे।

अंडर-19 एशिया कप में भारतीय टीम के सदस्य के रूप में अवि मानिकपुरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम की स्वर्णिम सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी इस उपलब्धि पर पूरे प्रदेश में खुशी का माहौल है।

उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि अवि मानिकपुरी ने अपनी प्रतिभा, कड़ी मेहनत और समर्पण के बल पर भारतीय टीम में स्थान बनाया तथा एशिया कप में स्वर्ण पदक जीतकर छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के लिए अवि एक प्रेरणास्त्रोत हैं और उनकी सफलता से खेलों के प्रति युवाओं का उत्साह और बढ़ेगा।

उन्होंने आगे कहा कि हॉकी भारत का गौरवशाली खेल है और इस खेल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल करना किसी भी खिलाड़ी के लिए बड़ी उपलब्धि होती है। अवि मानिकपुरी ने अपनी मेहनत से यह साबित कर दिया है कि छत्तीसगढ़ की प्रतिभाएं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में सक्षम हैं। अवि मानिकपुरी मूलतः छत्तीसगढ़ से हैं और अपनी मेहनत, लगन एवं अनुशासित खेल शैली के बल पर उन्होंने भारतीय टीम में स्थान बनाया।

# घुमका की जीत 2028 की जीत का संकेत, अभी से जुट जाएं कांग्रेस कार्यकर्ता- भूपेश

## विजयी जनप्रतिनिधियों ने पूर्व मुख्यमंत्री से की सौजन्य भेंट, मिठाई खिलाकर दी बधाई व आशीर्वाद



**राजनांदगांव(दावा)।** घुमका नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस की शानदार जीत के बाद जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव एवं विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष फूलमती वर्मा तथा विजयी पार्षदगणों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके भिलाई निवास पर सौजन्य भेंट की।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अनीस खान ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घुमका नगर पंचायत चुनाव में मिली शानदार जीत पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, समस्त कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा विजयी जनप्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी विजयी जनप्रतिनिधियों को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी तथा उनके सफल जनसेवी कार्यकाल के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल एवं अन्य कांग्रेस नेताओं ने उन्हें घुमका नगर पंचायत चुनाव की परिस्थितियों, संगठनात्मक प्रयासों तथा चुनावी रणनीति की विस्तृत जानकारी दी। उपस्थित नेताओं ने घुमका की जीत को कांग्रेस की एकजुटता, सामूहिक नेतृत्व और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम बताया। भूपेश बघेल ने कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता है। संगठन का एक-एक कार्यकर्ता महत्वपूर्ण है और उसकी मेहनत तथा प्रतिबद्धता ही कांग्रेस को जनता के बीच मजबूत बनाती है। उन्होंने कहा कि जब संगठन एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरता है तो जीत निश्चित होती है और घुमका की जीत इसका ताजा उदाहरण है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2028 में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनना प्रदेश के विकास, किसानों, युवाओं, महिलाओं तथा आम जनता के हित में आवश्यक है। इसके लिए सभी कांग्रेसजनों को अभी से विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाना चाहिए तथा बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत करना चाहिए। साथ ही कांग्रेसजनों के आग्रह पर उन्होंने आगामी घुमका नगर पंचायत शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष फूलमती वर्मा, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक नवाज खान, जिला कांग्रेस महामंत्री राहुल तिवारी, पंकज बांधव, गौरव शर्मा, पुष्पा वर्मा, कुमार नाथ बघेल, विष्णु लोधी, रामचंद वर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी अमित अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अनमोल दावा

"बड़ा लक्ष्य हासिल करने के लिए बड़े संघर्ष के लिए भी तैयार रहना पड़ता है।"

## सम्पादकीय

# ममता बेनर्जी का कांग्रेस में शामिल होना फायदेमंद होगा

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस व उनकी नेता ममता बेनर्जी की शर्मनाक पराजय के बाद भाजपा आक्रमक है। टी.एम.सी. को पूर्णतः नेस्तनाबुद करने के लिए भाजपा हर दांव याने चाणक्य नीति पर अमल कर रही है। अपना राजनैतिक अस्तित्व बचाने भारी मशक्कत कर रही ममता बेनर्जी के पास एक ही विकल्प कांग्रेस में वापसी है। संभवतः इसका तख्ता भी तैयार हो रहा हैं। टी.एम.सी. सांसदो-विधायकों के बागी तेवर से जहां हलाकान है, वहीं उनकी राजनीति पर भी सवालिया निशान लगा है। ममता की दिल्ली कूच और सोनिया गांधी व राहूल गांधी के पास पहुंची जहां उनका हार्दिक स्वागत हुआ। आपस में घण्टों चर्चा हुई और ममता कांग्रेस प्रवेश कर रही है, ऐसी बातें फैल गई।

जानकार सत्र बताते हैं कि कांग्रेस ने ममता बेनर्जी को पार्टी में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और उनके भतीजे अभिषेक बेनर्जी को महासचिव बनाने का प्रस्ताव दिया है। कांग्रेस ने अन्य उनके वफादारों को भी बंगाल कांग्रेस में अच्छा पद देनें की गारंटी दी है। अब अंतिम निर्णय ममता बेनर्जी को ही करना है। उक्त जानकारी मीडिया रिपोर्ट से आयी है। किन्तु, ममता या कांग्रेस के नेताओं ने चुप्पी साध रखी है। वे यह भी नहीं बोल रहे हैं कि यह चर्चा या रिपोर्ट झूठ है। इस पर से इस संभावना को बल मिला है कि ममता बेनर्जी 30 सालों के बाद कांग्रेस में घर वापसी कर सकती है।

वैसे, ममता के लिए कांग्रेस में मिल जाना एक उत्तम विकल्प है। क्योंकि, गत विधानसभा में करारी पराजय के बाद भाजपा ने सबकुछ उनका लूट लिया है। इस पराजय के बाद तृणमूल कांग्रेस के विधायकों, सांसदों के द्वारा एक के बाद एक ममता का साथ छोड़ रहे हैं। ममता के पास अब यह प्रश्न खड़ा है कि वह अपना राजनैतिक अस्तित्व कैसे बचाए? टी.एम.सी. के 80 विधायकों में से 59 विधायकों की बगावत ने अपना अलग स्थान बना लिया है। उसके बाद लोकसभा में टी.एम.सी. के 28 सांसदों में से 20 सांसदों ने भी स्थान अलग से बना लिया है। टी.एम.सी. के राज्यसभा में 13 सांसद हैं और उनमें से भी तीन सांसदों ने इस्तीफा दे दिया है। इस प्रकार, कुल 23 सांसद अलग हो गए हैं।

ममता बेनर्जी ने कई सालों से टी.एम.सी. का एकचक्री शासन किया है। ममता जब सत्ता में नहीं थी तब भी अनेक नेता उन्हें छोड़कर चले गए थे। किन्तु, वर्तमान की बगावत बहुत बड़ी और चौंकाने वाली हैं। ममता के लिए अभी तक यह बात अच्छी है कि टी.एम.सी. के बागी नेता भाजपा में शामिल नहीं हुवे हैं। किन्तु, बंगाल के नवनिर्वाचित भाजपा सी.एम. शभेन्दु अधिकारी टी.एम.सी. के बागी नेताओं के साथ दिल्ली में विचार विमर्श करने जा रहे हैं। जिसका निष्कर्ष क्या निकलता है? इस पर सबकी नजर रहेगी 58 बागी विधायकों ने अपना नेता ऋतब्रत बेनर्जी को बनाया है। इन विधायकों ने विधानसभा स्पीकर रविन्द्र बोस को पत्र लिखकर ऋतब्रत को विपक्ष का नेता घोषित करने की मांग की है। स्पीकर ने उनकी मांग को स्वीकार भी लिया है। यह बगावत ममता के निर्णय के सामने ही थी। किन्तु, बागी विधायकों ने तृणमूल कांग्रेस को ही अपनी पार्टी माना है। उल्लेखनीय यह कि, ममता बेनर्जी यदि ऋतबत बेनर्जी व बागी विधायकों के निर्णय को स्वीकार कर अपना आशीर्वाद दे दिया तो बागियों की हवा निकल जाएगी। किन्तु, ममता ऐसा नहीं कर रही हैं, यह अलग बात है। परन्तु, उनके लिए यह मार्ग खुला है । काकोली घोष के नेतृत्व में टी.एम.सी . के 20 सांसदों के बगावत करने के बाद गत 6 जून को काकोली घोष ने 20 लोकसभा सांसदों के समर्थन के साथ एक पत्र स्पीकर ओम बिरला को प्रेषित कर अलग गुट के रूप में मान्यता देनें का निवेदन किया है।

ममता 70 वर्ष की है और उनके पास पहले जैसा जोश या जुनून नहीं रहा। ढलती उम्र में अब संघर्ष करने से क्या हासिल होगा? यह भी तय नहीं है। किन्तु, अपने भतीजे अभिषेक और परिवार की सुरक्षा के मद्देनजर वह राजनीति को तिलांजलि नहीं दे सकती। इस कारण, एक श्रेष्ठ विकल्प कांग्रेस में वापस शामिल होनें का है।

कांग्रेस के लिए ममता को लेने का फायदे का सौदा है। बंगाल में कांग्रेस लगभग साफ ही है। वामपंथियों के सहारे कांग्रेस पुनः बंगाल में स्थापित होने का प्रयास कर रही है। किन्तु, इसमें सफलता अभी तक नहीं मिली है। ममता के आगमन से वह बंगाल में विधानसभा में प्रतिनिधित्व मिलेगा और लोकसभा में भी वह सशक्त होगी।

ममता अब क्या करेगी? यह देखना है। कांग्रेस के प्रस्ताव को स्वीकारती हैं तो वे भी फायदे में रहेंगी। कांग्रेस और उनका दोनों का ही भला होगा।

# खाद्य हानि से खाद्य नेतृत्व की ओर : दक्षिण एशिया के लिए अगला बड़ा अवसर है खाद्य प्रसंस्करण



चिराग पासवान



दक्षिण एशिया खाद्य प्रणालियों की अपनी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। समृद्ध कृषि-जैव विविधता वाला एक प्रमुख क्षेत्र होने के बावजूद, खेत से उपभोक्ता तक पहुँचने की प्रक्रिया में अभी तक बहुत अधिक मूल्य नष्ट हो जाता है–जो किसानों, रोजगार और पोषण के लिए एक चूका हुआ अवसर है।

भारत इस विरोधाभास का स्पष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के अनुसार, भारत दूध और दालों का दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक तथा फल और सब्जियों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। इसके बावजूद, कटाई के बाद की प्रक्रियाओं, भंडारण, लॉजिस्टिक्स और प्रसंस्करण में मौजूद कमियों के कारण खाद्य पदार्थों की बड़ी मात्रा में हानि होती रहती है। इससे सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) सहित वैश्विक विकास प्राथमिकताओं की दिशा में होने वाली प्रगति प्रभावित होती है। यह केवल अक्षमता भर नहीं है, बल्कि चूका हुआ अवसर भी है। बर्बाद होने वाले खाद्य पदार्थों का प्रत्येक टन, किसानों की खोई हुई आमदनी, युवाओं के लिए खोए हुए रोजगार के अवसर और परिवारों के लिए खोए हुए पोषण का प्रतीक है। इसलिए, इस हानि को मूल्य में बदलना अब एक क्षेत्रीय प्राथमिकता बन जाना चाहिए।

खाद्य प्रसंस्करण मूल्यवर्धित कृषि की संभावनाओं का पता लगाने की कुंजी है। यह खेतों को बाजारों से, किसानों को उद्योगों से तथा स्थानीय उत्पादन को क्षेत्रीय और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से जोड़ता है। इस प्रकार, यह कृषि और व्यापक आर्थिक परिवर्तन के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करता है।

दशकों से कृषि नीतियों का मुख्य उद्देश्य उत्पादन बढ़ाना और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना रहा है। इस प्रयास ने खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में लाभ दिलाएं हैं। लेकिन अब अगले चरण में मूल्य सृजन, रोजगार के अवसरों के सृजन, किसानों की आय में वृद्धि और पोषण संबंधी परिणाम बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। भारत में, वर्तमान में कृषि उपज का केवल लगभग 17 प्रतिशत हिस्सा ही प्रसंस्कृत किया जाता है। क्षेत्र की पूर्ण आर्थिक क्षमता का लाभ उठाने के लिए इस हिस्सेदारी को बढ़ाकर 2030 तक लगभग 25 प्रतिशत करना आवश्यक है। साथ ही, कटाई के बाद होने वाली खाद्य हानियों को कम करना और प्रसंस्करण से जुड़े तंत्रों को मजबूत बनाना भी अत्यंत महत्वपूर्ण होगा, ताकि अर्थव्यवस्था में अधिक से अधिक मूल्य बना रहे। खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों की भंडारण अवधि बढ़ाता है, खाद्य सुरक्षा में सुधार करता है तथा नए और घरेलू निर्यात बाजारों तक पहुँच के अवसर प्रदान करता है। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि यह आर्थिक मूल्य के बड़े हिस्से को उत्पादक देशों के भीतर ही बनाए रखने में मदद करता है, जिससे किसानों, उद्यमों और ग्रामीण समुदायों को प्रत्यक्ष लाभ मिलता है।

इस परिवर्तन को सफलतापूर्वक साकार करने के लिए मूल्य श्रृंखला के प्रत्येक चरण –उत्पादन और संग्रहण से लेकर प्रसंस्करण, लॉजिस्टिक्स और बाज़ार तक पहुँच सुनिश्चित करने में समन्वित निवेश की आवश्यकता होगी। गुणवत्ता, सुरक्षा, ट्रेसबिलिटी तथा लागत-प्रभावशीलता के प्रति उपभोक्ताओं की बदलती अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए अधिक एकीकृत और समग्र दृष्टिकोण अपनाना अनिवार्य होगा।

दक्षिण एशिया की समृद्ध कृषि-जैव विविधता उच्च मूल्य वाले उत्पादों के विकास की अपार संभावनाएँ प्रदान करती है, विशेषकर ऐसे समय में जब वैश्विक मांग अधिक विविधतापूर्ण, पौष्टिक और विशिष्ट खाद्य उत्पादों की ओर बढ़ रही है। साथ ही, डिजिटल समाधान ट्रेसबिलिटी को मजबूत करने, गुणवत्ता मानकों में सुधार लाने और लगातार जटिल होते वैश्विक बाज़ारों में प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

इसमें सार्वजनिक निवेश की महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन इसे निजी क्षेत्र की अधिक भागीदारी को भी प्रोत्साहित करना चाहिए। निवेश को बड़े पैमाने पर आकर्षित करने के लिए व्यावसायिक वातावरण को मजबूत बनाना, जोखिमों को कम करना तथा प्रभावी सार्वजनिक-निजी साझेदारी को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक होगा।

सतत खाद्य प्रसंस्करण इकोसिस्टम सभी आयामों में मूल्य प्रदान करता है: बेहतर पोषण परिणामों में सहायता करता है, पर्यावरणीय पदचिह्नों को घटाता है और मूल्य श्रृंखला में आय तथा रोजगार के अवसर बढ़ाता है। इस क्षण की विशेषता यह है कि यह केवल किसी एक देश के बारे में नहीं है–बल्कि पूरे क्षेत्र के साथ मिलकर आगे बढ़ने का अवसर है।

दक्षिण एशियाई देश साझा चुनौतियोंः खंडित आपूर्ति श्रृंखलाओं, सीमित प्रसंस्करण क्षमता और कटाई के बाद होने वाली उच्च स्तर की खाद्य हानि- का सामना कर रहे हैं, लेकिन ये साझा बाधाएँ साझा समाधानों के अवसर भी उत्पन्न करती हैं।

साउथ एशियन पॉलिसी लीडरशिप फॉर इम्प्रूव्ड न्यूट्रिशन एंड ग्रोथ (एसएपीएलआईएनजी) जैसे क्षेत्रीय मंच इस परिवर्तन को गति देने में मदद कर रहे हैं–सहयोग, ज्ञान के आदान-प्रदान और निवेश का ऐसा स्थान तैयार कर रहे हैं, जिसे कोई भी देश अकेले हासिल नहीं कर सकता। अनलॉकिंग वैल्यू डायलॉग इसी प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष उदाहरण हैः यह पूरे क्षेत्र के नीति-निर्माताओं, नवाचारकर्ताओं, उद्योग जगत के दिग्गजों और विकास साझेदारों को एक साथ लाकर ऐसे संबंध स्थापित करता है, ज्ञान साझा करता है और साझेदारियाँ बनाता है, जो बेहतर रोजगार और अधिक मजबूत खाद्य प्रणालियों में परिवर्तित हो सकें।

उत्पादन और नीतिगत नवाचार दोनों में अग्रणी होने के नाते भारत को इस क्षेत्रीय परिवर्तन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है।

हम या तो आपूर्ति श्रृंखला के हर चरण में मूल्य की हानि जारी रख सकते हैं, या फिर ऐसी आधुनिक और एकीकृत मूल्य श्रृंखलाओं का निर्माण कर सकते हैं, जो हर स्तर पर मूल्य का सृजन करें और उसे बनाए रखें।

हम कच्चे कृषि उत्पादों के निर्यातक बने रह सकते हैं, या फिर उच्च मूल्य वाले, टिकाऊ खाद्य उत्पादों में अग्रणी बन सकते हैं।

इस परिवर्तन का मार्ग खाद्य प्रसंस्करण से होकर गुजरता है।

खेतों से लेकर उद्यमों तक, और स्थानीय बाज़ारों से वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं तक–खाद्य प्रणालियों का यह रूपांतरण इस क्षेत्र के आर्थिक भविष्य को परिभाषित करेगा। नीति, निवेश और साझेदारी के सही संयोजन के साथ, दक्षिण एशिया खाद्य हानि से खाद्य नेतृत्व की ओर बढ़ सकता है।

इसी भावना के साथ, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय अगले एसएपीएलआईएनजी उच्च-स्तरीय नीतिगत संवाद की मेज़बानी करने के लिए उत्सुक है, जो विश्व बैंक समूह सहित सरकारों, व्यवसायों और विकास साझेदारों को एक साथ लाया जाएगा, ताकि ऐसे समाधानों को आगे बढ़ाया जा सके, जो रोजगार सृजित करें, निवेश को बढ़ावा दें और पूरे दक्षिण एशिया में अधिक मजबूत खाद्य प्रणालियाँ विकसित करें।

(लेखक केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हैं)

## विचार सरिता

# जीवन कौशल : पहले अपने गुस्से पर काबू करना सीखें, फिर दूसरों से बातें शुरु करें

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



कई लोगों को बात-बात पर गुस्सा आता है। ऐसे लोगों का स्वयं पर नियंत्रण नहीं रहता और वे आए दिन लोगों से उलझते रहते हैं। बिना यह सोचे कि सामने वाले को कैसा लगेगा,वे बस अपने मन की भड़ास निकालते और उड़ेलते रहते हैं। जब उनसे उनके इस अतिरेक गुस्से के संबंध में पूछा जाए तो वे कई तरह के विचित्र तर्क देते हैं-

जैसे,

''मुझे किसी की परवाह नहीं है।''

''मैंने उसको झाड़ दिया।''

''मैंने उसे उतार दिया।''

''किसी को जो समझना हो, समझे।''

''मैं लोगों से इसी तरह व्यवहार करता हूँ।''

''मेरे गुस्से के पीछे लॉजिक है।''

''मेरे चिल्लाए बिना वह इस बात को नहीं समझता।''

''मैं स्पष्टवादी हूं और बिना लागलपेट के अपनी बात कहता हूं,'' आदि।

आप यह भूल जाते हैं कि सामने वाले व्यक्ति को भी क्रोध करना आता है लेकिन उसमें शालीनता है और वह सार्वजनिक शिष्टाचार का पालन कर रहा है।

सार्वजनिक स्थान पर आपका क्रोधभरा व्यवहार कहीं से भी शोभनीय नहीं है। आपको लगता है कि आपने जरा सा क्रोध किया है, किंतु ऐसा करके आपने सामने वाले व्यक्ति को कितनी पीड़ा पहुँचाई है, इसका आपको अंदाजा नहीं है। अकारण क्रोध करने वाला व्यक्ति प्रायः अहंकारी होता है। वह यही मानकर चलता है कि वह कभी गलत नहीं हो सकता है। ऐसे व्यक्ति के क्रोध से उसके स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुँचता है। अगर व्यक्ति में अहंकार हो तो गलती करने पर भी उसके पश्चाताप की संभावना शून्य होती है। ऐसे व्यक्ति के किसी से क्षमा मांगने की संभावना तो और भी कम होती है। हाँ, अगर किसी सरल व्यक्ति को परिस्थितिवश क्रोध आ जाए तो वह पश्चाताप करने लगता है कि मैंने कुछ अधिक कह दिया।अतः सार्वजनिक रूप से आचरण करने से पहले एक बार विचार कर लें कि आपके कहने का क्या दूरगामी परिणाम निकलेगा।

(नोट : -सुधार कार्य की दृष्टि से किया जाने वाला क्रोध अपवाद हो सकता है।)

## कविता

### ॥ मेयर जी ॥

कभु हमरो दुःख डहन ,कर लेतेव थोकिन केयर जी,
हमरो डहर सुरता थोकिन, कर लेतेव मेयर जी।
पानी के दुःख ल हटाय बर सड़क ल मनमाड़े खोद डरिन।
तभो ले नइ हटिस पानी के समस्या रस्ता ल मन माड़े रौंद डरिन।
गड्ड-मड्ड कर डारे हे रस्ता लबिला-भरका छूटे हवे,
तेमा गिर के कई झन के हड्डी-पसली टूटे हवे।
बारिस में चिखला हो जाही, रपट-रपट के गिरबो जी,
घर के भीतर चिखला खुसरही का, अइसने दुख जीयत मरबो जी।
दुख ल अपन तूंहर कना, करत हवन हन शेयर जी।।
हमरो डहर सुरता थोकिन कर लेतेव मेयर जी।
नई हे एको बोरिंग चालू,, नल में न बरोबर पानी हे।
तुंहर राहत ले बिन पानी के कटत हमर जिनगानी हे।
पहिली कभु अइसने नी रिहिस अमृत मिशन ह बोरे हे,
बने पाइप ल निकाल के, जब ले 4 इंची के ल जोड़े हे।
तब ले पानी नइ आए नल में मुहल्ला ल सुक्खा पार डरिन,
तेखर ले निगम के अधिकारी मन आधा हम मन ला मार डरिन।
कांक्रीट सड़क के सब्बो, उखड़ गये हवे लेयर जी।।
हमरो डहर सुरता थोकिन कर लेतेव मेयर जी।
गड्ढा खोद नी पाटिन बरोबर, गिरत -पड़त हम रेंगत हन,
गाड़ी के चक्का, गड्ढा में धंसत हे।
धुर्रा-माटी ल झेलत हन बारिश में कइसे जीबो सोंचथन।
चिखला-माटी में सनाय, रबों मोदी जी के राज ल,, अइसे-
कइसे, हम मन ह बने कबो तीन इंजन के गाड़ी म,
जनता के अइसने हाल रही, पानी बिजली, सड़क ले,
जनता हा बेहाल रही।
अइसन दुर्गति होवन झन देव हाथ-जोर के हे प्रेयर जी।।
हमरो डहर सुरता थोकिन कर लेतेव मेयर जी।।



लेखेंद्र साहू
अशोक राइस मिल रोड
लखोली नाका (सेठी नगर) राज

## सामयिक चर्चा

# कल्याण, कल्याण करेंगे

बानी बोले- ''सुनिए गजाधर!
आज ये अच्छी खबर -
11 जून को टी.एम.सी. सुप्रीमो ममता बनर्जी से
यह कहने वाले सांसद कल्याण बनर्जी,
कि उन्हें मुझे या अभिषेक बनर्जी में से
किसी एक को चुनना होगा,
ने एकाएक यू-टर्न लिया है।
अपने मन को व्यक्त किया है-
''अभिषेक बनर्जी मेरा बेटा जैसा है।
और बेटे की सभी गलतियों को माफ करना
पिता का काम होता है।''
गजाधर ! इस पर टीएमसी बचाने के लिए
मेरे मन में यह खयाल आता हैं
कि अब ममता के भतीजे अभिषेक के
कल्याण बनर्जी पिता जैसे हो गये हैं
तो वे अब खुद ममता बनर्जी के
बड़े भाई जैसे ही हो गये हैं।
इसलिए अब ममता को चाहिए
कि बिखरती टीएमसी को
मजबूत करने के लिए कल्याण बनर्जी को
पार्टी में सबसे अधिक
महत्वपूर्ण नेता के रूप में प्रतिष्ठित कर
टीएमसी का कल्याण करें।
गजाधर मुस्कराए बोले - ''बानी!
आपके जो विचार हैं, आपका जो कहना है
उसका मुझे समर्थन करना है
सचमुच अब पार्टी के कल्याण के लिए
ममता बनर्जी को बड़े भाई
कल्याण बनर्जी के साथ चलना चाहिए ।
और मन में भाजपा के प्रति बसी बदले और
अहंकार की भावनाओं को छोड़कर
अब अन्तर्मन से जनहित
का कार्य करना चाहिए।''
रविवार 15 जून 2026



गिरीश बख्शी

## राशिफल

**मेष** — ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि रहेगी। चतुर्दशी दोपहर 12 बजकर 20 मिनट तक रहेगी, इसके बाद अमावस्या तिथि शुरू हो जाएगी। उज्जैन के पंचांग के अनुसार चंद्रमा पूरे दिन वृषभ राशि में रहेगा, जबकि रोहिणी नक्षत्र रात 10 बजकर 13 मिनट तक रहेगा। इसके बाद मृगशीर्षा नक्षत्र का आरंभ होगा।

**वृष राशि** — आप बार-बार किसी एक बात पर लौटकर सोचते नजर आएं। जरूरी नहीं कि वह कोई बड़ी समस्या हो, लेकिन मन उसे आसानी से छोड़ने के मूड में नहीं रहेगा। किसी पुराने परिचित से अचानक बात हो जाए तो हैरान मत होइएगा। कई बार साधारण बातचीत भी ऐसी जानकारी दे जाती है जिसकी जरूरत आगे पड़ती है।

**मिथुन** — आज का दिन कुछ अलग तरह के विचारों के साथ गुजर सकता है। मन एक जगह टिकने के बजाय कई दिशाओं में दौड़ता नजर आएगा। कभी किसी पुराने प्लान के बारे में सोचेंगे तो कभी अचानक कोई नया विचार मन में आ जाएगा। ऐसे में जरूरी और गैरजरूरी बातों के बीच फर्क करना फायदेमंद रहेगा।

**कर्क** — आपको अपनों के थोड़ा और करीब ला सकता है। पिछले कुछ दिनों से जिन लोगों से ठीक से बात नहीं हो पाई थी, उनसे संपर्क होने की संभावना है। घर के माहौल में सामान्य चहल-पहल बनी रहेगी और छोटी-छोटी बातों में खुशी ढूंढने का मौका मिलेगा। आज आप किसी पुराने फैसले के बारे में दोबारा सोच सकते हैं।

**सिंह** — आपको घर और अपने निजी मामलों पर ज्यादा ध्यान देने के लिए प्रेरित कर सकता है। पिछले कुछ दिनों से जो बातें लगातार टल रही थीं, उन्हें लेकर आज मन गंभीर रह सकता है। किसी पुराने अधूरे काम को पूरा करने की कोशिश सफल हो सकती है। दिनभर में एक-दो बार ऐसा लगेगा कि लोग आपकी बात पूरी तरह नहीं समझ रहे।

**कन्या** — आप पिछले कई दिनों से 'कल कर लेंगे' कहकर टालते आ रहे थे। सुबह घर के किसी कोने पर नजर पड़ेगी और अचानक उसे व्यवस्थित करने का मन बन सकता है। कभी अलमारी, कभी रसोई का कोई शेल्फ, तो कभी पुराने कागज–आज छोटी-छोटी चीजों पर आपका ध्यान सामान्य से ज्यादा रहेगा।

**तुला** — आपका मन घर और बाहर, दोनों जगह अटका रह सकता है। एक तरफ आराम करने का मन होगा, दूसरी तरफ लगेगा कि छुट्टी का दिन यूं ही निकल गया तो फिर पूरा हफ्ता वही पुरानी दौड़ शुरू हो जाएगी। इसी उधेड़बुन में दिन का बड़ा हिस्सा गुजर सकता है। काम से पूरी दूरी बना पाना मुश्किल रहेगा।

**वृश्चिक** — आपकी योजना के मुताबिक न चले। आपने सोचा कुछ और होगा, लेकिन दिन की शुरुआत किसी और काम से हो सकती है। हालांकि यह बदलाव परेशान करने वाला नहीं होगा। कई बार अचानक बने कार्यक्रम ही दिन को दिलचस्प बना देते हैं। छुट्टी के दिन भी काम से जुड़ी कोई बात दिमाग में घूम सकती है।

**धनु** — आज का दिन बिना ज्यादा योजना के बेहतर निकल सकता है। जितना कम आप चीजों को नियंत्रित करने की कोशिश करेंगे, उतना ज्यादा सहज महसूस करेंगे। सुबह किसी छोटी बात पर हंसी आ सकती है और वही हल्कापन पूरे दिन बना रह सकता है। किसी पुराने परिचित से ऐसी बात सुनने को मिल सकती है जो आगे चलकर काम आए।

**मकर** — घर-परिवार की छोटी जिम्मेदारियों में निकल सकता है। सुबह से ही कोई न कोई ऐसा काम सामने आता रहेगा जिसे टालना मुश्किल होगा। हालांकि आपको इससे ज्यादा परेशानी नहीं होगी, क्योंकि आज आपका मन चीजों को व्यवस्थित रखने का रहेगा। अगले कुछ दिनों की योजना बनाने के लिए अच्छा समय है।

**कुंभ** — दूसरों की अपेक्षाओं से ज्यादा अपने मन की सुनने का हो सकता है। सुबह किसी काम को लेकर उत्साह रहेगा, लेकिन बीच में ही आपका ध्यान किसी दूसरी चीज की तरफ चला जाएगा। यही वजह है कि आज आप एक साथ कई बातों के बारे में सोचते नजर आ सकते हैं। हालांकि हर विचार पर तुरंत काम शुरू करने की जरूरत नहीं है।

**मीन** — आज का दिन अपेक्षाकृत शांत रह सकता है। सुबह का समय आराम से बीतेगा और आप बिना किसी जल्दबाजी के अपने काम करना पसंद करेंगे। किसी पुरानी याद, पुराने गीत या पुराने फोटो एलबम पर नजर पड़ जाए तो कुछ समय वहीं निकल सकता है। काम से जुड़ी बातें पूरी तरह दिमाग से नहीं निकलेंगी।

## सू- दोकू क्र.069

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.068 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# सीसीटीवी में कैद हुई वारदात : एक तो डीजल संकट और ऊपर से खैरागढ़ के बस स्टैंड में खड़ी बसों से 300 लीटर डीजल पार

खैरागढ़ (दावा)। एक तो डीजल संकट और बस स्टैंड पर खड़ी बसो से 300 लीटर डीजल पार, सीसीटीवी फुटेज में कैद आरोपी, पुलिस जांच में जुटी, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल बाजार में जारी अस्थिरता और डीजल आपूर्ति को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच खैरागढ़ के नए बस स्टैंड में खड़ी बसो से डीजल पार की एक बड़ी घटना सामने आई है। शनिवार देर रात अज्ञात चोरों ने पांच यात्री बसों को निशाना बनाते हुए उनके डीजल टैंकों के ताले तोड़ दिए और करीब 300 लीटर डीजल चोरी कर लिया। चोरी गए डीजल की अनुमानित कीमत लगभग 30 हजार रुपये बताई जा रही है।



0 पेट्रोल डीजल क्राइसिस के बीच सामने आया चोरी का नया कारनामा
0 सफेद स्कॉर्पियो से पहुंचे थे आरोपी, सुरक्षा व्यवस्था में चुक

### देर रात बसों को बनाया निशाना, सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी चुक

जानकारी अनुसार घटना नए बस स्टैंड परिसर की है जहां रात के समय कई यात्री बसें खड़ी रहती है। रविवार सुबह जब बस संचालकों ने वाहनों की जांच की तो उन्हें डीजल टैंकों के ताले टूटे मिले और बड़ी मात्रा में डीजल गायब पाया गया। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।

### सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई पूरी वारदात

बस स्टैंड के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो संदिग्ध रूप से रात करीब 2 बजे परिसर में प्रवेश करती दिखाई दे रही है। फुटेज के अनुसार वाहन से कुछ युवक उतरे और बसों के टैंकों से गैलनों में डीजल भरते नजर आए। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने पूरी वारदात करीब आधे घंटे के भीतर अंजाम दी और बाद में वाहन सहित छुईखदान की दिशा में फरार हो गए।

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल, रात्रि में गश्त की खुली पोल

घटना के बाद बस संचालकों में भारी नाराजगी है। उनका आरोप है कि बस स्टैंड परिसर में सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त नहीं है और रात्रिकालीन पुलिस गश्त भी प्रभावी ढंग से नहीं हो रही है। संचालकों ने पुलिस प्रशासन से रात के समय गश्त बढ़ाने, सीसीटीवी निगरानी को और मजबूत करने तथा बस स्टैंड में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

### जांच में जुटी पुलिस

इधर खैरागढ़ पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान करने और चोरी में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन का पता लगाने में जुटी हुई है। अधिकारियों का कहना है कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक जल्द पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

# सोसाइटी में खाद उपलब्ध नहीं होने के कारण मुसरा क्षेत्र के किसान परेशान

डोंगरगढ़/ मुसरा (दावा)। हावड़ा-मुंबई मुख्य एल मार्ग पर स्थित ग्राम मुसराकला क्षेत्र के किसान इन दिनों खाद की समस्या से जूझ रहे हैं। क्षेत्र के किसानों की समस्या है कि वर्तमान में मानसून आने के उपरांत भी किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा है । मुसरा क्षेत्र के किसानों को यूरिया , डी ए पी ,पोटास ,हेतु 10 किलोमीटर दूर माड़ितराई ,5 किलोमीटर दूर आलिवारा,5 किलोमीटर दूर पारागांव ,3 किलोमीटर दूर भानपुरी में जाना पड़ रहा है।



खाद गोदाम की मांग

सरपंच प्रतिनिधि शिवकुमार टेंभुरकर से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मुसरा द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में कचरा संग्रहण केंद्र मुसरा खुर्द स्थित भवन में खाद रखने हेतु व्यवस्था की गई है किसानों को दूर से खाद का परिवहन करने पर बहुत आर्थिक हानि का सामना करना पड़ रहा है प्रत्येक किसानों को 1200 से 1800 अतिरिक्त परिवहन भाड़ा व्यय करना पड़ रहा है खाद गोदाम नहीं होने के कारण ग्राम के 1654 किसान परेशान है। और अधिक आर्थिक बोझ से परेशान वर्तमान शासन प्रशासन से खाद गोदाम की मांग करते हुए समस्या से निजाद दिलाने की मांग सरपंच श्रीमती गायत्री शिव टेंभुरकर के माध्यम से शासन से की गई है।

## पहला कॉलम...

### नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत आज खैरागढ़ प्रवास पर, कांग्रेस ने की भव्य स्वागत की तैयारी

#### विधायक यशोदा वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस ने की भव्य स्वागत की तैयारी



खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ.चरणदास महंत का आज सोमवार 15 जून को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में आगमन प्रस्तावित है। उनके स्वागत एवं कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कांग्रेस संगठन ने व्यापक स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। शहर कांग्रेस कमेटी ने जिलेभर के वरिष्ठ कांग्रेसजनों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ.अरुण भारद्वाज ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के आगमन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह और उमंग का माहौल है। उनके स्वागत के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम का आयोजन सोमवार 15 जून को दोपहर 3 बजे सांस्कृतिक भवन खैरागढ़ में किया जाएगा।

कांग्रेस संगठन ने जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, किसान कांग्रेस, सेवा दल, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, पार्षदों, मंडल एवं बूथ स्तर के पदाधिकारियों सहित पंचायत स्तर तक के सभी कार्यकर्ताओं से निर्धारित समय पर कार्यक्रम स्थल पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया है। डॉ.अरुण भारद्वाज ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष का आगमन जिले के लिए महत्वपूर्ण अवसर है।

### भाजपा किसान मोर्चा गैंदाटोला मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित



छुरिया (दावा)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा गैंदाटोला मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। संगठन को मजबूत बनाने तथा किसानों की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जारी सूची के अनुसार खेमलाल साहू को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं उपाध्यक्ष पद पर कोमल दास साहू, ढालसिंह वर्मा, महेश यदु, चतुर साहू, सोनाराम कौशिक एवं श्रीमती निकिता साहू को जिम्मेदारी सौंपी गई है। महामंत्री पद पर रामपाल साहू एवं भारत पटेल की नियुक्ति की गई है। मंत्री पद पर राम कुमार साहू, मुरली साहू, भारत वर्मा, श्रीमती शांति बाई एवं अशोक साहू को दायित्व दिया गया है। नरेश साहू को कोषाध्यक्ष, द्रोणाचार्य को सोशल मीडिया प्रभारी तथा दिलीप राम साहू को कार्यालय प्रभारी नियुक्त किया गया है। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि किसान मोर्चा भाजपा का एक महत्वपूर्ण और सशक्त संगठनात्मक अंग है, जो पार्टी की विचारधारा, नीतियों और किसान हितैषी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए पूरी निष्ठा, समर्पण और सक्रियता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें तथा पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। जिलाध्यक्ष ने विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी किसानों के हितों की रक्षा और संगठन विस्तार के लिए प्रभावी कार्य करेगी।

### महिला मोर्चा खैरागढ़ मंडल की प्रथम बैठक सफलतापूर्वक संपन्न



खैरागढ़ (दावा)। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा खैरागढ़ मंडल की प्रथम बैठक पिपरिया स्थित भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री शशांक ताम्रकार महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष उमा चौबे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं खैरागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर, तथा जिला भाजपा उपाध्यक्ष नीलिमा गोस्वामी मंडल भाजपा महामंत्री खैरागढ़ ऋषभ सिंह बघेल/डोरेलाल साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक की अध्यक्षता महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष देविन कोठले ने की। इस अवसर पर मंडल के दोनों महामंत्री गरिमा तिवारी/प्रेमिन साहू सहित मंडल की समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य बहनें उपस्थित रहीं। बैठक में संगठन के विस्तार, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा महिला सशक्तिकरण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता बहनों ने संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने हेतु अपने बहुमूल्य सुझाव प्रस्तुत किए। अंत में सभी कार्यकर्ता बहनों से आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों में पूर्ण निष्ठा एवं सक्रियता के साथ सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।

# विश्व पर्यावरण दिवस की अवसर पर विशेष ग्राम सभा

### 0 जहां पेड़ कटे, वहां अकाल, जहां पेड़ हैं, वहां फसल

### 0 पेड़ बचे तो नदी बचेगी, नदी बचेगी तो खेती बचेगी-सीईओ भगवती साहू

डोंगरगढ़ (दावा)। गत दिनों विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विशेष ग्राम पंचायत मुसराकला में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमति भगवती साहू ,एडिशनल सी ओ जनपद पंचायत डोंगरगढ़ श्री मान कमलेश देवांगन ,ब्लॉक समन्वयक स्वक्ष भारत मिशन राम कुमार मंगेशकर ,सरपंच श्री मति गायत्री शिव टेंभुरकर,सचिव मोहित कुमार साहू ,रोजगार सहायक श्रीमति भारती साहू ,एवं समस्त वार्ड पंचों की उपस्थिति के बीच मनरेगा में काम कर रहे ग्रामीण महिलाओं के साथ ग्राम सभा लेकर मनाया गया।

स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के विषय पर सी ई ओ जनपद पंचायत द्वारा लोगों को उद्बोधन किया गया। उन्होंने कहा आज का विशेष ग्राम सभा का विषयः घर-घर सोखता, पेड़ गांव की सुरक्षा ग्राम सभा, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्र के तहत किया जा रहा है। सरपंच श्रीमती गायत्री टेम्बुरकर, पंचगण, ग्राम के बुजुर्ग, माताएं-बहनें और मेरे युवा साथियों आप सभी को मेरा राम-राम आज मैं आपके सामने 2 छोटे काम की बात करूंगी। जो दिखने में छोटे हैं, पर हमारे गांव को बड़े संकट से बचा सकते हैं। पहला- हर घर में सोखता गड्ढा। दूसरा- हर घर के आंगन में 2 पेड़, घर-घर सोखता गड्ढा बनाने का फायदा क्या है बहनों, सोचो! नहाने, बर्तन धोने, कपड़े धोने का पानी कहां जाता है? सीधा गली में! नतीजा क्या होता है।



ग्राम पंचायत के गार्डन में जामुन का वृक्ष लगाकर पोषण करने का लिया संकल्प - शिव टेंभुरकर

कीचड़, मच्छर, मक्खी, बदबू और बीमारी, सोखता गड्ढा, घर का वाटर बैंक है। फायदा गिनो- बीमारी खत्म गंदा पानी जमेगा ही नहीं तो मच्छर नहीं पनपेंगे। डेंगू, मलेरिया, दस्त 50 प्रतिशत कम हो जाएंगे। डॉक्टर के पास जाने का खर्च बचेगा। पानी बढ़ेगा सोखता गड्ढे का पानी जमीन में जाता है। आपका कुआं, बोर, हैंडपंप का जलस्तर ऊपर आएगा। गर्मी में पानी के लिए लड़ाई नहीं होगी। गली साफ कीचड़ नहीं बच्चे गिरेंगे नहीं। बुजुर्ग फिसलेंगे नहीं। गली में चप्पल नहीं फंसेगी । सरपंच श्रीमती गायत्री टेम्बुरकर ने कहा कि अगर आप सोखता बनाते है तो आपको एक बोरी सीमेंट मुफ्त में देंगे। कितनी अच्छी बात है आपके और गांव की भविष्य की भलाई के लिए सरपंच जी मन लगाकर काम कर रही है बस आप लोगों का अपने लिए ही सहयोग करना है। तुलसीदास जी ने कहा है जल ही जीवन है । सोखता गड्ढा उसी जल को बचाने का यंत्र है। वृक्ष लगाने से आने वाले संकट से कैसे बचेंगे बहनों पिछले 5 साल देखो गर्मी 45 °C पार, आंधी-तूफान, बेमौसम बारिश, बिजली का बिल डबल! ये सब जलवायु संकट है। पेड़ लगाओगे तो संकट टलेगा कैसे लू से बचाव 10 पेड़ वाली गली का तापमान 3-4 °C कम रहता है। आपके बच्चे, गाय-भैंस लू से बच जाएंगे।

आंधी-तूफान का ब्रेकर - घने पेड़, हरित दीवार बनते हैं। पिछले साल की आंधी में पेड़ वाले घर की छत नहीं उड़ी, बिना पेड़ घर की टीन उड़ गई। बारिश लाएंगे पेड़- पेड़ बादल खींचते हैं। जहां पेड़ कटे, वहां अकाल। जहां पेड़ हैं, वहां फसल। पेड़ बचे तो नदी बचेगी, नदी बचेगी तो खेती बचेगी। फ्री की दवाई, नीम का पेड़ - फ्री दवाई, पीपल + बरगद = फ्री ऑक्सीजन। एक पीपल दिन भर में 4 लोगों का ऑक्सीजन देता है। कोरोना में हमने ऑक्सीजन की कीमत देखी है! आमदनी भी, सहजन, अमरूद, नींबू, सागौन लगाओ। 5 साल बाद पेड़ ही आपकी एफडी बन जाएगा। बेटी की शादी में काम आएगा। हमारे पुरखे कहते थे- 'एक पेड़ 10 बेटों के बराबर'। आज बेटे शहर चले गए, पर पेड़ गांव नहीं छोड़ता।तो करना क्या है? संकल्प लें! मैं आज आपसे 2 संकल्प चाहती हूं- अगले 15 दिन में हर घर अपने रसोई + बाथरूम के पानी के लिए सोखता गड्ढा बनवाएगा। सरपंच अपने वार्ड पंच के माध्यम से एक बोरी सीमेंट देंगी। संकल्प, इस सावन में हर घर 2 पेड़ लगाएगा। एक फलदार-आम, अमरूद। एक छायादार - नीम, पीपल। और पेड़ लगाने के साथ 'रक्षा सूत्र' बांधेगा। जब तक पेड़ बड़ा न हो, उसे अपना बेटा समझेगा।भाइयों, सरकार से हम हमेशा मांग करते हैं - सड़क दो, पानी दो। पर आज सरकार कह रही है - 'तुम अपने घर का पानी बचाओ, पेड़ लगाओ'। ये काम न मुफ्त है, न आसान, पर यही काम हमें बाढ़, सूखा, बीमारी से बचाएगा।याद रखो सोखता गड्ढा बीमारी का ताला है।हर पेड़ एक जीवन का रक्षक है।आओ, आज से मुसराकला गांव को 'स्वस्थ गांव + हरा गांव' बनाएं। जब बाहर वाले आएंगे तो कहेंगे - ये है मुसराकला, जहां गली और नाली में कीचड़ नहीं, और घर-घर पेड़ है।' सरपंच प्रतिनिधि शिव टेंभुरकर के बताया कि, विश्व पर्यावरण दिवस अवसर पर ग्राम पंचायत के गार्डन में जामुन का वृक्ष लगाकर लगातार पोषण करते रहने का संकल्प लिया गया।

# पौध संरक्षण के प्रेरणास्त्रोत बन रहे हैं गांव के युवक



अधिकारी बनने के बाद भी गांव के तालाब को कर रहे हैं संवर्धित

डोंगरगांव (दावा)। पर्यावरण के क्षेत्र में अनेक लोग अपनी सक्रीय भागीदारी निभा रहे हैं, उन्ही में से एक हैं क्षेत्र में पदस्थ कार्यपालन अभियंता भूपेन्द्र बावनथड़े सहित उनकी मित्र मंडली जिनमें से अनेक अधिकारी कर्मचारी तथा पुलिस के जवान भी शामिल हैं, जो बीते दो वर्षो से अपने ग्राम घोरतलाब के मुख्य निस्तारी तालाब को ऑक्सीजोन बनाने के लिए सतत प्रयासरत हैं. यहां उनके टीम के द्वारा पौधरोपण से लेकर संरक्षण तथा संवर्धन की जिम्मेदारी सभी मित्र मंडली आपस में कार्य बांटकर करते आ रहे हैं. इसका परिणाम यह है कि इनके द्वारा रोपित पौधे अब वृक्ष का आकार ले रहे हैं.

इस संबंध में श्री बावनथड़े सहित उनकी टीम ने बताया कि वे अपने दोस्तों के साथ मिलकर पिछले दो सालों में गाँव के तालाब के चारो ओर 350 पौधों को रोपित किया गया था. जिनमें लगभग तीन सौ पौधे जीवित हैं और बेहतर स्थिति में हैं. उनका मानना है कि इस क्षेत्र में आगामी तीन वर्षों में अच्छी हरियाली की उम्मीद है. ग्राम के तालाब के किनारे आम, पीपल, बरगद, नीम, जामुन, करंज, अमलतास, अमरूद, कटहल, बेहड़ा एवं सिंदूर सहित अनेक प्रजातियों के छायादार व फलदार पौध शामिल हैं.

उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी व्यक्तिगत जिम्मेदारी, जलवायु परिवर्तन के कारण आये दिन पेड़ो की कटाई, तालाब के मेड़ में केवल दो पेड़ है जिन्हे देखकर हम सभी ने तालाब को ऑक्सिजोंन में बदलने का प्रयास किया है. इस नेक काम में उनकी टीम में तहसीलदार गुरूदत्त पंचभावे, संदीप ऊके, उमेश उइके ट्रेनिंग ऑफिसर (आईटीआई), राजेश सहारे आरक्षक आईटीबीपी, आशीष बावनथड़े, भूपेंद्र सुरसावंत, धनेंद्र कोठारी, सुरेंद्र बावनथड़े, ओमप्रकाश सहारे, संजय सहारे, नवीन सहारे, हरिराम निषाद पंचायत सचिव, चैतन्य बावनथड़े सहित ग्रामीणजन शामिल हैं जो क्षेत्र के युवाओं को प्रकृति से जोडने् के लिए प्रेरणास्त्रोत बन रहे हैं.

# अं. चौकी के लाल रौनक वर्मा का भव्य नागरिक अभिनंदन: सिविल जज परीक्षा में चयन पर क्षेत्र में हर्ष की लहर

अंबागढ़ चौकी (दावा)। छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठित 'सिविल जज परीक्षा' में सफलता का परचम लहराने वाले स्थानीय होनहार युवा श्री रौनक वर्मा के सम्मान में आज एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त सिविल जज रौनक वर्मा, मोहला-मानपुर-अं.चौकी के भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप वर्मा, श्रीमती निर्मला वर्मा के सुपुत्र हैं। उनकी इस अभूतपूर्व सफलता से पूरे जिले और क्षेत्रवासियों में गौरव और हर्ष का माहौल है।



### टाउन हाल में जुटा जनसैलाब

यह गरिमामयी नागरिक अभिनंदन समारोह आज दिनांक 14 जून 2026, रविवार को दोपहर 12 बजे से टाउन हाल अं.चौकी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अंबागढ़ चौकी सहित नवगठित जिला मोहला-मानपुर, अं. चौकी के समस्त नागरिकों, प्रबुद्ध जनों और परिजनों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### फूल-मालाओं और आतिशबाजी से हुआ स्वागत

समारोह के दौरान समस्त नगरवासियों और जिलावासियों द्वारा नवनियुक्त जज रौनक वर्मा का फूल-मालाओं, शॉल और श्रीफल भेंटकर आदरपूर्वक भव्य स्वागत किया गया। उपस्थित वक्ताओं ने रौनक वर्मा की इस उपलब्धि को क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया और उनके उज्जवल व न्यायप्रिय भविष्य की कामना की। उनके पिता श्री दिलीप वर्मा ने इस गौरवमयी क्षण पर सभी क्षेत्रवासियों के स्नेह और सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस भव्य सम्मान सभा का आयोजन समस्त नगरवासी अंबागढ़ चौकी एवं जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी द्वारा सामूहिक रूप से किया गया, जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# नोटिस बेअसर, अवैध निर्माण करने वालों ने सरपंच को दी धमकी, कलेक्टर-एसपी से शिकायत

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम सोमनी में व्यावसायिक परिसर की दुकानों को तोड़कर अवैध निर्माण कराने व्यापारी अपनी जिद में अड़ गए हैं। ग्राम पंचायत से नोटिस जारी होने के बाद भी निर्माण पर रोक नहीं लगी है, सरपंच नीलिमा साहू को दुकानदारों ने धमकी दे डाली। पूरे मामले की शिकायत सरपंच ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सहित एसडीएम से की है।

बता दें कि बीते 15 वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत ने शासकीय स्कूल की बाउंड्रीवाल से लगकर करीब 24 दुकानों का निर्माण कराकर आवंटन किया है। वर्तमान में इनमें से कई दुकानों की खरीदी बिक्री हो चुकी है, जिसके बाद से व्यापारी इस दुकानों में बगैर अनुमति तोड़फोड़ कर अवैध तरीके से निर्माण कराने में लग गए हैं। अभी हाल में चार दुकानों का निर्माण हो रहा है। इस अवैध निर्माण की शिकायत पर ग्राम पंचायत द्वारा व्यापारी राजेश गुप्ता और जितेंद्र वैष्णव को नोटिस भेजा गया, यही नहीं सरपंच नीलिमा साहू ने व्यापारियों को मौखिक रूप से निर्माण कार्य रोकने की बात कही। इसके बाद भी व्यापारियों ने काम बंद नहीं किया, बल्कि सरपंच को ही व्यापारियों ने काम नहीं रोकने की धमकी दे डाली। निर्माण कार्य बंद नहीं करने और धमकी देने के मामले में सरपंच नीलिमा साहू ने व्यापारी जितेन्द्र वैष्णव और राजेश गुप्ता के खिलाफ कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

सोमनी में व्यावसायिक परिसर की दुकानों में अवैध निर्माण का मामला



### नोटिस के बाद करा दी ढलाई

व्यावसायिक परिसर की चार दुकानों का निर्माण बिना पंचायत की अनुमति से हो रहा है। दुकानों को तोड़कर अवैध निर्माण कराने वाले व्यवसायी पंचायत से नोटिस जारी कर तत्काल काम रोकने के निर्देश दिए गए, लेकिन व्यापारियों ने मनमानी कर दुकानों की छत की ढलाई करा दी है।

### सरपंच ने की कार्रवाई की मांग

सोमनी सरपंच नीलिमा साहू ने कहा कि अवैध निर्माण की शिकायत पर व्यवसायियों को नोटिस भेजा गया, जिसके बाद भी व्यवसायी ढलाई का काम करा लिए है। सरपंच ने बताया कि काम पर रोक लगाने की बात कहने पर व्यवसायी जितेंद्र वैष्णव ने जो करना है कर लो, देख लूंगा जैसे शब्द बोलकर धमकी दी है। व्यवसायी जितेंद्र वैष्णव और राजेश गुप्ता के खिलाफ मेरे द्वारा शिकायत की गई है। पंचायत अधिनियम के तहत भी निष्पक्ष जांचकर कार्रवाई की मांग की है।

# पीएमश्री केवि खैरागढ़ में भाषा कैंप के दूसरे दिन आभासी शहर भ्रमण



खैरागढ़ (दावा)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में आज 14 जून को भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर के दूसरे दिन आभासी शहर भ्रमण और वास्तविक जीवन की परिस्थितियों पर संवाद की गतिविधियाँ हुईं। दूसरे दिवस के प्रारंभिक सत्र में प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित किया और अन्य भाषाओं के वाक्य तथा संवाद सीखने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षक के रूप में श्रीमती अमृता चौधरी, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक गणित ने अपना योगदान किया। कैंप के दूसरे दिन बच्चों ने महाराष्ट्र के अपने पसंदीदा शहर मुंबई और पुणे की चर्चा की तथा इन दोनों शहरों का आभासी भ्रमण करते हुए इनके मुख्य स्थानों के बारे में जानकारी प्राप्त की। अन्य गतिविधियों के अंतर्गत बच्चों ने अपने पसंदीदा चित्र बनाए। आज विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के संवाद की प्रैक्टिस की। जैसे, होटल में जाने के बाद खाना कैसे आर्डर किया जाए ,बस स्टैंड में और ऑटो रिक्शा वालों से कैसे बात की जाए, इन स्थितियों के संवादों का मराठी भाषा में अभ्यास किया गया। विद्यार्थियों ने आज के शिविर का आनंद लिया और उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों में अपनी सहभागिता दी।

## पहला कॉलम...

### फीफा में यूएस टीम को चियर कर फंसे ट्रूडो

नई दिल्ली। फीफा वर्ल्ड कप 2026 के शुरुआती मुकाबलों के बीच कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो एक बार फिर सुर्खियों में हैं. इस बार वजह राजनीति नहीं, बल्कि उनकी गर्लफ्रेंड और मशहूर पॉप स्टार कैटी पेरी हैं. ट्रूडो अमेरिका और पराग्वे के बीच खेले गए मुकाबले में कैटी पेरी के साथ नजर आए, जिसके बाद कनाडा के फुटबॉल प्रशंसकों ने उन्हें सोशल मीडिया पर घेर लिया.



लॉस एंजिलिस के सोफी स्टेडियम में शुक्रवार को अमेरिका ने पराग्वे को 4-1 से हराकर अपने वर्ल्ड कप अभियान की शानदार शुरुआत की. इस मैच के दौरान ट्रूडो वीआईपी बॉक्स में कैटी पेरी के साथ बैठे दिखाई दिए. खास बात यह रही कि उसी दिन कनाडा की टीम भी अपना पहला वर्ल्ड कप मुकाबला खेल रही थी, लेकिन ट्रूडो अपनी राष्ट्रीय टीम को समर्थन देने के बजाय अमेरिका का मैच देखने पहुंचे थे. यही बात कनाडाई फैंस को खल गई. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कई लोगों ने सवाल उठाया कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री को कनाडा के मैच में होना चाहिए था. कुछ लोगों ने तो यहां तक कह दिया कि ट्रूडो को अब अपने देश की टीम से ज्यादा कैटी पेरी की परवाह है.जब आलोचना बढ़ने लगी तो ट्रूडो ने भी मजाकिया अंदाज में जवाब दिया. उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, कभी-कभी सपोर्टिव बॉयफ्रेंड की जिम्मेदारियां बुला लेती हैं. लेकिन आप जानते हैं कि मैं ट्रॉफी जीतते किसे देखना चाहता हूं.

### लंदन में भारतीय मूल के युवक की चाकू मारकर हत्या

नई दिल्ली। लंदन में भारतीय मूल के 26 वर्षीय युवक गुरभेज सिंह की चाकू मारकर हत्या कर दी गई. साउथॉल इलाके में हुए इस हमले के बाद मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस ने सात लोगों को हिरासत में लिया था, जिनमें से छह को पूछताछ के बाद रिहा कर दिया गया है.

लंदन में भारतीय मूल के एक 26 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या का मामला सामने आया है. मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है. पुलिस ने मामले में प्रत्यक्षदर्शियों और सीसीटीवी फुटेज रखने वाले लोगों से आगे आने की अपील की है. मृतक की पहचान गुरभेज सिंह के रूप में हुई है. उन पर साउथॉल इलाके में नॉर्थ रोड और डॉर्मर्स वेल्स लेन के जंक्शन के पास हमला किया गया था.

इस घटना में एक अन्य व्यक्ति, जिसकी उम्र करीब 30 वर्ष बताई जा रही है, घायल हुआ था. उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई. मेट्रोपॉलिटन पुलिस के मुताबिक, लंदन एम्बुलेंस सर्विस से बुधवार तड़के सूचना मिलने के बाद पुलिस और पैरामेडिक्स मौके पर पहुंचे. गुरभेज सिंह को बचाने की कोशिश की गई, लेकिन चाकू के गंभीर घाव के कारण उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई.

### नाइजीरिया में कोकीन तस्करी के मामले में 11 भारतीय नाविक दोषी करार

लागोस। नाइजीरिया की एक अदालत ने कोकीन की तस्करी के मामले में 11 भारतीय नाविकों को दोषी ठहराया है और उनके मर्चेंट जहाज़ पर 53 लाख अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया है। एजेंसी ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि उन्हें लगभग छह महीने पहले नेशनल ड्रग लॉ एनफोर्समेंट एजेंसी के अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था। उन पर आरोप था कि उन्होंने मार्शल आइलैंड्स से लागोस के अपापा सीपोर्ट के ज़रिए नाइजीरिया में 31.5 किलोग्राम कोकीन मंगवाई थी। बयान के अनुसार, जस्टिस जोसेफ चुकवुजेकवु अनेके ने जहाज़ के कैप्टन और 10 अन्य क्रू सदस्यों को ह्रष्ठरुश्व एक्ट के तहत दोषी ठहराया। अदालत ने जहाज़ के मालिकों को नाइजीरियाई सरकार को 53 लाख अमेरिकी डॉलर का हर्जाना देने का आदेश दिया। तीन मुख्य अधिकारियों को 1-1 लाख अमेरिकी डॉलर और बाकी क्रू सदस्यों को 50-50 हज़ार अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भरने का निर्देश दिया गया। हर दोषी पर 1,00,000 नाइरा का जुर्माना भी लगाया गया। चेयरमैन ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद बुबा मारवा (रिटायर्ड) ने कहा कि इस सज़ा से ड्रग तस्करी करने वाले नेटवर्क को एक 'ज़बरदस्त संदेश' गया है कि 'नाइजीरिया अब कोकीन या किसी भी अन्य गैर-कानूनी पदार्थ के लिए सुरक्षित रास्ता नहीं है।'



# ऑस्ट्रेलिया ओपन : सिंधु सेमीफाइनल में यामागुची से हारीं, भारत का अभियान समाप्त

सिडनी। ऑस्ट्रेलियन बैडमिंटन ओपन के विमेंस सिंगल्स सेमीफाइनल में शनिवार को हार के साथ भारतीय स्टार पीवी सिंधु का 2026 सीजन में पहली बार खिताबी मुकाबले में पहुंचने का सपना अधूरा रह गया।

ओलंपिक मेडलिस्ट सिंधु को मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन अकाने यामागुची के हाथों 20-22, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधु ने कड़े मुकाबले वाले पहले गेम में तीसरी वरीयता प्राप्त जापानी खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी, लेकिन फिर यामागुची ने मैच पर पकड़ बनाते हुए मुकाबला 43 मिनट में अपने नाम किया। इसी के साथ यामागुची ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट के फाइनल में अपनी जगह बना ली।

वर्ल्ड नंबर 10 सिंधु के लिए यह सीजन में एक और करीबी हार थी। जनवरी में मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद, ऑस्ट्रेलियन ओपन बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर इस साल उनका दूसरा सेमीफाइनल था।



पहले गेम में वैसा ही मुकाबला देखने को मिला, जिसकी फैंस को उम्मीद थी। सिंधु ने शुरुआती कुछ रैलियों में दबदबा बनाए रखा और मिड-गेम ब्रेक तक मामूली बढ़त हासिल की। हालांकि, यामागुची ने लगातार 6 प्वाइंट्स जीतकर मैच का रुख अपनी ओर मोड़ लिया।

इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने शानदार वापसी करते हुए अंतर को खत्म किया और मुकाबले को रोमांचक बना दिया। उन्होंने 2019 के स्कोर पर एक गेम प्वाइंट बचाया, लेकिन जापानी शटलर ने संयम बनाए रखते हुए बढ़त हासिल की और पहला गेम अपने नाम कर लिया।

दूसरे गेम में यामागुची ने लगातार सात प्वाइंट्स जीतकर सिंधु की वापसी की उम्मीदों को झटका दिया। इसके बाद, वर्ल्ड नंबर 3 खिलाड़ी ने मैच पर पकड़ बनाए रखते हुए सिंधु के खिलाफ अपने करियर के 29वें मुकाबले में 14वीं जीत दर्ज की। इस हार के साथ सिडनी में भारत का सफर भी खत्म हो गया। इससे पहले, पुरुषों की डबल्स जोड़ी एमआर अर्जुन और हरिहरन अम्साकरुणन क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए थे। वहीं, भारत के पुरुष सिंगल्स खिलाड़ी शुरुआती दौर से आगे नहीं बढ़ पाए। भारतीय शटलर अब अगले हफ्ते शुरू होने वाले मकाऊ ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

## पुलिस ने की क्रिकेटर की पिटाई बवाल मचने पर 3 पुलिसकर्मी सस्पेंड


नई दिल्ली। बांग्लादेश क्रिकेट इस समय मैदान के बाहर हुए एक बड़े विवाद को लेकर चर्चा में है। बांग्लादेश के स्पिनर नईम हसन के साथ कथित बदसलूकी और मारपीट के मामले ने पूरे देश में हंगामा खड़ा कर दिया है। मामला इतना बढ़ गया कि तीन पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया, जबकि पूरे घटनाक्रम की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी भी बना दी गई है। यह घटना 12 जून की देर रात चटगांव में हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक नईम हसन ढाका एयरपोर्ट से अपने घर लौट रहे थे। इससे पहले वह ढाका प्रीमियर डिवीजन क्रिकेट लीग में अपनी टीम प्राइम बैंक क्रिकेट क्लब के साथ मौजूद थे, हालांकि उस मैच में उन्होंने हिस्सा नहीं लिया था।



बताया जा रहा है कि जब नईम लालखान बाजार इलाके से गुजर रहे थे, तभी पुलिसकर्मियों ने उनके ष्टहृत्र ऑटो-रिक्शा को रोक लिया। नईम का आरोप है कि पुलिसकर्मी शुरुआत से ही आक्रामक व्यवहार कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि पुलिस ने उनका गला पकड़ा और जबरन दूसरे ऑटो में बैठाकर थाने ले जाने की कोशिश की।

मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को बताया कि नईम बांग्लादेश के नेशनल क्रिकेटर हैं, लेकिन आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने किसी की बात नहीं सुनी।

## स्कॉटलैंड ने खत्म किया 36 साल का लंबा इंतजार, जॉन मैकगिन ने रचा इतिहास



नई दिल्ली। फीफा वर्ल्ड कप 2026 में स्कॉटलैंड ने आखिरकार 36 साल का लंबा इंतजार खत्म कर दिया। बोस्टन के गिलेट स्टेडियम में खेले गए ग्रुप-सी मुकाबले में स्कॉटलैंड ने हैती को 1-0 से हराकर वर्ल्ड कप में अपनी ऐतिहासिक जीत दर्ज की। टीम के लिए जॉन मैकगिन ने पहला हाफ खत्म होने से पहले गोल दागा, जो आखिर तक निर्णायक साबित हुआ। स्कॉटलैंड की यह 1990 के बाद पहली वर्ल्ड कप जीत है। इससे पहले टीम ने स्वीडन को 2-1 से हराया था। खास बात यह भी रही कि स्कॉटलैंड 1998 के बाद पहली बार मेन्स फुटबॉल वर्ल्ड कप में खेल रहा है और इतने साल बाद वापसी के साथ ही उसने यादगार जीत हासिल कर ली।

इस मैच की शुरुआत तेज रफ्तार फुटबॉल के साथ हुई। दोनों टीमों ने शुरुआती मिनटों में लगातार अटैक किए, लेकिन धीरे-धीरे स्कॉटलैंड ने मैच पर पकड़ बनानी शुरू कर दी। कप्तान स्कॉट मैकटॉमिने ने सातवें मिनट में हेडर लगाया जो क्रॉसबार के ऊपर चला गया। कुछ देर बाद उनका एक और शॉट पोस्ट से टकराकर बाहर निकल गया। हालांकि, हैती ने भी स्कॉटलैंड को आसानी से खेलने का मौका नहीं दिया और लगातार दबाव बनाए रखा।

इस बीच, 29वें मिनट में स्कॉटलैंड को वह मौका मिल गया जिसका टीम इंतजार कर रही थी। चे एडम्स ने लंबी गेंद को शानदार तरीके से कंट्रोल किया और बेन गैनन-डोक को पास दिया। उनके क्रॉस को हैती के डिफेंडर ने रोक दिया, लेकिन बॉक्स के बाहर खड़े जॉन मैकगिन ने रिबाउंड पर जोरदार शॉट लगा दिया। गेंद डिफेंडर से हल्का डिफ्लेक्ट होकर गोलकीपर जॉनी प्लासिड को छकाते हुए नेट में चली गई। इस तरह 31 साल और 238 दिन की उम्र में जॉन मैकगिन स्नढ्ढस्न्र वर्ल्ड कप में स्कॉटलैंड के लिए गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं।

## भारत ने बढ़ाई रूस से तेल खरीद, चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बना

नई दिल्ली । वैश्विक प्रतिबंधों और भू-राजनीतिक दबावों के बावजूद भारत ने रूस से रियायती दरों पर कच्चे तेल की खरीद में और तेजी ला दी है। यूरोप के थिंक टैंक 'सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर' (ष्टक्रश्व) की रिपोर्ट के मुताबिक, मई महीने में भारत ने रूस से करीब 5.8 अरब यूरो (लगभग 6.7 अरब डॉलर) के जीवाश्म ईंधन का आयात किया। इसके साथ ही भारत चीन के बाद रूसी ईंधन का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बना हुआ है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रूस से तेल न खरीदने की सलाह को नजरअंदाज करते हुए भारत ने मई में रूसी कच्चे तेल के आयात में 21 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की। इसी के चलते देश के कुल कच्चे तेल आयात में भी 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई।



गुजरात के जामनगर और वाडिनार जैसे बड़े रिफाइनिंग हब के अलावा सरकारी तेल कंपनियों ने भी रूसी कच्चे तेल की खरीद बढ़ाई है। रिपोर्ट के अनुसार, मई में रूस से भारत के कुल आयात में कच्चे तेल की हिस्सेदारी करीब 83 प्रतिशत रही, जिसकी कीमत 4.8 अरब यूरो आंकी गई। इसके अलावा तेल उत्पादों का आयात 550 मिलियन यूरो और कोयले का आयात 429 मिलियन यूरो रहा। देश की प्रमुख रिफाइनरियों में रूसी तेल की आवक में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी गई। गुजरात स्थित वाडिनार रिफाइनरी में अप्रैल की तुलना में 36 प्रतिशत अधिक तेल उतारा गया, जबकि जामनगर रिफाइनिंग कॉम्प्लेक्स में डिलीवरी 14 प्रतिशत बढ़ी। CREA की रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकारी रिफाइनरियों ने भी इस वर्ष की शुरुआत में आयात फिर शुरू करने के बाद खरीदारी तेज कर दी है। न्यू मैंगलोर और विशाखापत्तनम रिफाइनरियों ने नवंबर 2025 के अंत में रूसी कच्चे तेल का आयात रोक दिया था, लेकिन मार्च में दोबारा खरीद शुरू करने के बाद वे लगातार रूसी तेल आयात कर रही हैं।

# वेस्टइंडीज ने चैम्पियन न्यूजीलैंड को हराकर सात विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की

नई दिल्ली। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 में वेस्टइंडीज ने मौजूदा चैम्पियन न्यूजीलैंड को हराकर सनसनी मचा दी. विकेटकीपर बल्लेबाज शेमेन कैम्पबेल की 90 रनों की तूफानी पारी की बदौलत कैरेबियाई टीम ने 163 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए सात विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की.



13 जून (शनिवार) को साउथम्प्टन में खेले गए इस मुकाबले में वेस्टइंडीज ने एक गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया. यह महिला टी20 विश्व कप के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज भी रहा. जीत के बाद मैदान पर भावुक दृश्य देखने को मिले. कैम्पबेल की आंखों से आंसू निकल पड़े और साथी खिलाड़ियों ने उन्हें गले लगाकर इस यादगार पारी का जश्न मनाया.

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने 20 ओवर में 162 रन बनाए. टीम को तेज शुरुआत इसाबेला गेज (39 रन) ने दिलाई, जिन्होंने पावरप्ले में आक्रामक बल्लेबाजी की. हालांकि, वेस्टइंडीज की तेज गेंदबाज आलिया एलीन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए मैच का रुख बदल दिया. उन्होंने कप्तान एमेलिया केर और गेज समेत चार खिलाड़ियों को चलता किया और न्यूजीलैंड को बड़े स्कोर तक पहुंचने से रोका. सोफी डिवाइन (22 रन) और ब्रूक हॉलिडे (40 रन) ने पारी को संभालने की कोशिश की, जबकि मैडी ग्रीन ने अंत में नाबाद 35 रन बनाकर टीम को 162 रनो तक पहुंचाया. 163 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही. दूसरे ही ओवर में कियाना जोसेफ रन आउट हो गईं. इसके बाद कप्तान हेली मैथ्यूज और शेमेन कैम्पबेल ने पारी को संभाला. दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए शानदार साझेदारी कर टीम को मैच में वापस ला दिया. हेली मैथ्यूज 48 रन बनाकर आउट हुईं, लेकिन शेमेन कैम्पबेल एक छोर पर डटी रहीं.

## ज्योतिष चमत्कार ( 15 जून 2026 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 12 | 25 | 31 | 45 |
| मंगल | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 24 | 32 | 43 | 51 |
| बुध | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 34 | 42 | 52 | 60 |
| गुरू | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 41 | 53 | 69 | 76 |
| शुक्र | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 54 | 68 | 79 | 89 |
| शनि | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 67 | 70 | 87 | 96 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 65 | 71 | 84 | 91 |
| मंगल | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 73 | 82 | 92 | 04 |
| बुध | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 81 | 93 | 03 | 17 |
| गुरू | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 95 | 02 | 18 | 29 |
| शुक्र | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 01 | 19 | 28 | 36 |

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 1 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 2 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 3 | 6 | 7 | 8 |
| स्पेशल | 30 | 69 | 75 | 84 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 8 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 7 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 1 | 2 | 3 | 6 |
| स्पेशल | 10 | 29 | 35 | 64 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 17 | 18 | 19 | 10 |
| 2 | 26 | 28 | 29 | 20 |
| 3 | 36 | 37 | 39 | 30 |
| 4 | 46 | 47 | 48 | 40 |
| 5 | 56 | 57 | 58 | 59 |
| 6 | 62 | 63 | 64 | 65 |
| 7 | 71 | 73 | 74 | 75 |
| 8 | 81 | 82 | 84 | 85 |
| 9 | 91 | 92 | 93 | 95 |
| 0 | 01 | 02 | 03 | 04 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 2 | 21 | 23 | 24 | 25 |
| 3 | 31 | 32 | 34 | 35 |
| 4 | 41 | 42 | 43 | 45 |
| 5 | 51 | 52 | 53 | 54 |
| 6 | 67 | 68 | 69 | 60 |
| 7 | 76 | 78 | 79 | 70 |
| 8 | 86 | 87 | 89 | 80 |
| 9 | 96 | 97 | 98 | 90 |
| 0 | 06 | 07 | 08 | 09 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

कल्याण

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 89 | 64 | 31 | 24 | 00 | 13 |
| 72 | 71 | 21 | 75 | 01 | 95 |
| 02 | 38 | 31 | 83 | 80 | 50 |
| 92 | 62 | 95 | 30 | 78 | 17 |

राजधानी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 79 | 96 | 22 | 30 | 93 |
| 11 | 37 | 78 | 05 | 06 |
| 89 | 80 | 82 | 11 | 48 |
| 56 | 67 | 76 | 69 | 83 |

**जनवरी 2025 से जून 2026 तक के रूके जोड़भाव-पेनल**

कल्याण 2024- 22-86
2025- 22-86
1-245-227-777 2-228-499-688-444-3-166-4-400-888 5-122 -799-555, 6-466-222 7- 999 8-440-666 9-559-333 0-118-668-000

राजधानी नाईट 2024- -88
2025- -24-49-88-95 -99
1-146-777, 2-660-444,3-166 -111, 4-112-888, 5-366-447-555 6-222, 7-700-999, 8-288-666, 9-117-577- 333, 0-550-668-000

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**0 114 राफेल जेट ही नहीं सोर्स कोड भी....**

कड़े प्रतिबंध थोप दिए थे, तब भी फ्रांस भारत की मजबूरियों को समझते हुए उसके साथ मजबूती से खड़ा रहा. फ्रांस संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का सबसे मुखर पैरोकार रहा है. इसके साथ ही, परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह में भारत की एंट्री के लिए भी फ्रांस अंतरराष्ट्रीय मंचों पर लगातार पैरवी करता आ रहा है. हिंद महासागर में चीन की बढ़ती सैन्य दखलअंदाजी को रोकने के लिए फ्रांस भारत का सबसे रणनीतिक जोड़ीदार है. इस इलाके में फ्रांस के पास रीयूनियन आइलैंड और मयोट जैसे द्वीप हैं, जहां उसकी नौसेना स्थायी रूप से तैनात रहती है. दोनों देशों के बीच हुए 'लॉजिस्टिक्स सपोर्ट एग्रीमेंट' की बदौलत आज दोनों सेनाएं एक-दूसरे के नौसैनिक अड्डों का इस्तेमाल कर पा रही हैं, जो हिंद महासागर की सुरक्षा के लिहाज से एक गेम-चेंजर कदम है.

**0 मणिपुर हिंसा पर एक्शन....**

तब तक राज्य में शांति की संभावना कम है। 2023 में मणिपुर में जातीय हिंसा शुरू होने के बाद से ही गैर-कानूनी हथियारों का इस्तेमाल हो रहा है। इनमें सुरक्षा बलों से लूटे गए हथियार और अवैध रूप से खरीदे गए हथियार शामिल हैं। डीजीपी ने नगा लोगों की मौत के संबंध में कहा, 'कानून सबसे ऊपर है। छह नगा लोगों की मौत से जुड़े मामले को एनआइए को सौंप दिया गया है और सभी दोषियों को चाहे वे मंत्री हों, विधायक हों या कोई और सजा दी जाएगी।'

**0 वित्तमंत्री सीतारमण ने राहुल गांधी पर साधा निशाना....**

इसके विपरीत तिमाही दर तिमाही और साल दर साल भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। भले ही मिडिल ईस्ट में संकट चल रहा हो और होर्मुज जलडमरूमध्य में रुकावटें आ रही हों। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत के सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने की बात सरकार नहीं कह रही, बल्कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) भी यही कहते हैं।

**0 झारखंड से छत्तीसगढ़ तक रेल सफर होगा आसान...**

मजबूत होगा। इससे माल परिवहन, उद्योग और व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। परियोजना को मंजूरी मिलने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार जताया है। दक्षिण पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी और आने वाले समय में यात्रियों के लिए बड़ी सुविधा लेकर आएगी।

**0 सीएम विष्णु देव साय बोले - स्वर्णिम रहा ...**

केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि आज के दौर में दुनिया के सामने भारत के इकॉनॉमी को 10वें स्थान से लाकर चौथे-छठे स्थान पर लाने का काम किया है। दो ट्रिलियन के इकॉनॉमी को 4.25 पर लाने का काम किया है। 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा के ऊपर लाया गया है। कांग्रेस शासन काल में गरीब मिट गए, लेकिन गरीबी नहीं मिटी थी। श्री सिंह ने कहा कि आज दुनिया का हर देश श्री मोदी से हाथ मिलाना चाहता है। आज पूरी दुनिया कह रही है कि भारत की विदेश नीति सबसे अच्छी है। श्री मोदी देश के लिए हितकर होता है, वही करते हैं।

सीएम साय ने भाजपा प्रदेश कार्यालय (कुशाभाऊ ठाकरे परिसर) में एक विशेष प्रदर्शनी का अवलोकन किया। यह प्रदर्शनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल और ऐतिहासिक 12 वर्षों के कार्यकाल की सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की अभूतपूर्व उपलब्धियों पर केंद्रित है।

मुख्यमंत्री साय ने प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के ये वर्ष भारत के नव-निर्माण, आर्थिक सुदृढ़ीकरण और वैश्विक पटल पर देश का मान बढ़ाने वाले रहे हैं। इस दौरान देश के हर वर्ग, गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के उत्थान के लिए दूरदर्शी योजनाएँ लागू की गई हैं, जिनका लाभ आज सीधे जनता तक पहुँच रहा है। साय ने कहा कि यह प्रदर्शनी श्री मोदी के विजन और देश के विकास की उस गौरवशाली यात्रा को जीवंत रूप में प्रदर्शित करती है, जिसने भारत को एक नई दिशा दी है। इस दौरान सांसद बृजमोहन अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, जिला अध्यक्ष रायपुर शहर रमेश सिंह ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

**0 सिंधू नदी के जल पर राजनाथ की पाक....**

आतंकवाद से जुड़ा हुआ था, अब पर्यटन, निवेश और रोजगार के अवसरों में वृद्धि देख रहा है। भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी प्रणाली की नदियों के जल-उपयोग को लेकर 19 सितंबर, 1960 को ऐतिहासिक सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर किए गए थे।हालांकि पिछले वर्ष पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले के बाद भारत ने कड़ा रुख अपनाया है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का यह बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस घोषणा का पुनरावलोकन है, जिसमें उन्होंने कहा था कि खून और पानी एक साथ नहीं बहेंगे।

## हरमन ब्रिगेड का वर्ल्ड कप में जीत से आगाज, स्मृति मंधाना-दीप्ति शर्मा छाई



बर्मिंघम। आईसीसी विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारतीय टीम ने अपना पहला मुकाबला रविवार (14 जून) को पाकिस्तान से खेला. दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर हुआ, जिसमें भारतीय टीम ने 64 रनों से जीत हासिल की. भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 171 रनों का टारगेट दिया था, लेकिन उसकी पूरी टीम 17 ओवरों में 106 रनों पर सिमट गई. दीप्ति शर्मा (5 विकेट) और स्मृति मंधाना (68 रन) ने टीम इंडिया की जीत में अहम किरदार निभाया.

भारतीय टीम अब अपने अगले मुकाबले में 17 जून (बुधवार) को नीदरलैंड्स का सामना करेगी. भारतीय टीम अब तक विमेंस टी20 वर्ल्ड कप नहीं जीत पाई है. उसने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2020 के संस्करण में किया था, जब भारतीय टीम फाइनल तक पहुंची और ऑस्ट्रेलिया से खिताबी मुकाबले में हार गई. अब भारत की नजरें पहली बार विमेंस टी20 वर्ल्ड कप जीतने पर हैं. रनचेज में पाकिस्तानी टीम के लिए सलामी बल्लेबाज मुनीबा अली ही बड़ी पारी खेल पाई. मुनीबा ने 35 गेंदों पर 41 रन बनाए, जिसमें पांच चौके शामिल रहे. इसके अलावा आलिया रियाज (18 रन), गुल फिरोजा (12 रन) और आयशा जफर (12 रन) ही दोहरे अंकों तक पहुंच सकीं. दीप्ति शर्मा ने पांच विकेट लेकर पाकिस्तानी बैटिंग की कमर तोड़ दी. जबकि श्री चरणी ने तीन और शेफाली वर्मा ने 1 विकेट झटके. पाकिस्तानी टीम के 9 विकेट स्पिन गेंदबाजों ने लिए, वहीं मुनीबा अली रन आउट हुईं.

टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पावरप्ले में ही दो विकेट गंवा दिए. शेफाली वर्मा को स्पिनर सादिया इकबाल ने पहले ही ओवर में पवेलियन भेजा. वहीं जेमिमा रोड्रिग्स लेफ्ट आर्म सीमर तस्मिया रुबाब का शिकार बनीं. यहां से स्मृति मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने तीसरे विकेट के लिए 91 रनों की शानदार पार्टनरशिप की. स्मृति मंधाना ने 44 बॉल पर 68 रन बनाए। जिसमें 9 चौके और 2 छक्के शामिल रहे.

# भाजपा ने दंतेश्वरी मंदिर में पूजन कर मनाया मोदी सरकार का गौरव दिवस



खैरागढ़ (दावा)। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ द्वारा नगर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।। जिला संयोजक मंजीत सिंह के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नगर स्थित दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश की प्रगति, समृद्धि और जनकल्याण की कामना की।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों के बीच प्रसादी का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं ने मोदी सरकार के पिछले 12 वर्षों के कार्यकाल को देश के विकास और परिवर्तन का महत्वपूर्ण दौर बताते हुए विभिन्न जनहितकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं संचालित की हैं, जिनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। नेताओं ने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, हर घर जल, जनधन योजना तथा डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन पहलों ने देश के करोड़ों नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सुशासन, पारदर्शिता और सेवा के संकल्प के साथ देश को नई दिशा देने का कार्य किया है। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प भी लिया। इस दौरान मंदिर परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला और कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए इसे देश के विकास का स्वर्णिम काल बताया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिसेसर साहू, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू, तीरथ चंदेल, जिला पंचायत सभापति दिनेश वर्मा, आलोक श्रीवास, शशांक ताम्रकार, शैलेन्द्र मिश्रा, विनय देवांगन, आशीष सिंह, चंदन गिरी गोस्वामी, ऋषभ सिंह, शैलेन्द्र वर्मा, नीलम सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन प्रसादी वितरण एवं राष्ट्र की उन्नति की प्रार्थना के साथ हुआ।

# भाजपा उत्तर मंडल द्वारा एक पेड़ माँ के नाम का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। **आज 13 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्वास के 12 साल बेमिसाल के कार्यक्रम के श्रृंखला में एक पेड़ माँ के नाम का आयोजन उत्तर मंडल द्वारा राम नगर वार्ड क्रं. 7 के श्रीराम बगीचा में आयोजित किया एवं प्रमुख पदाधिकारियों के द्वारा पेड़ लगाकर उसे जीवित रखने की प्रतिज्ञा ली गई।**

इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, शहर उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमित सिंह भाटिया, कार्यक्रम प्रभारी राजा माखीजा, अशोक चौधरी, शिव वर्मा, गेमू लाल कुजाम, प्रखर श्रीवास्तव, हैरी जोसेफ, प्रिंस भाटिया, अफसर खान विनोद भारती, आदित्य पराते, तृप्ति पत्रे, करण कोशरे, शांति पत्रे, अब्दुल रफीक खान, एवं सम्मानीय कार्यकर्तागण की भारी उपस्थिति रही।

# सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के पालन हेतु पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान





खैरागढ़ (दावा)। यातायात पुलिस द्वारा चौक-चौराहों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

इस दौरान वाहन चालकों को वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, मोटर साइकिल चलाते समय हेलमेट पहनने, मालवाहक वाहनों में सवारी न बैठाने, बिना नंबर प्लेट के वाहन का संचालन न करने, दोपहिया वाहन में तीन सवारी न बैठाने, शराब सेवन कर वाहन न चलाने तथा वाहन के आवश्यक दस्तावेज जैसे प्रदूषण प्रमाण-पत्र, फिटनेस, बीमा एवं ड्राइविंग लाइसेंस अद्यतन रखने की समझाइश दी जा रही है।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के विरुद्ध कार्रवाई 01 जून 2026 से 10 जून 2026 तक मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत कुल 192 प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए ?63,100 का समन शुल्क/अर्थदंड अधिरोपित किया गया।

उक्त कार्रवाई में अब तक बिना नंबर प्लेट वाहन - 47 प्रकरण, तीन सवारी - 44 प्रकरण, बिना हेलमेट - 08 प्रकरण, बिना सीट बेल्ट - 14 प्रकरण, मालवाहक वाहन में सवारी बैठाना - 03 प्रकरण, शराब पीकर वाहन चलाना - 05 प्रकरण, प्रेशर हॉर्न का उपयोग - 20 प्रकरण, नाबालिग द्वारा वाहन संचालन - 01 प्रकरण, काला शीशा - 01 प्रकरण, मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाना - 01 प्रकरण, अन्य धाराएं - 48 प्रकरण शामिल हैं। शराब सेवन कर वाहन चलाते पाए गए चालकों को न्यायालय खैरागढ़ में प्रस्तुत किया जा रहा

प्रकरणों के निराकरण उपरांत संबंधित चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन हेतु परिवहन विभाग को प्रेषित किए जा रहे हैं। मालवाहक वाहनों में सवारी परिवहन करते पाए जाने वाले चालकों के विरुद्ध भी लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई निरंतर जारी है। जिला केसीजी पुलिस टीम जनमानस की सुरक्षा एवं लोककल्याण के लिए प्रतिबद्ध है तथा सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सतत कार्य कर रही है।

# कोड़ीखाना मामले में कार्रवाई नहीं होने से भड़के बसंतपुरवासी

## आज से अनिश्चितकालीन धरने का ऐलान

राजनांदगांव (दावा)। कोड़ीखाना क्षेत्र में कथित अमेरिका कनेक्शन एवं अनैतिक गतिविधियों को लेकर स्थानीय नागरिकों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। लंबे समय से इस मामले में कार्रवाई की मांग कर रहे बसंतपुर क्षेत्र के नागरिकों ने अब आंदोलन का रास्ता अपनाने का निर्णय लिया है। क्षेत्रवासियों ने घोषणा की है कि वे 15 जून दिन सोमवार से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन पर बैठेंगे और प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग करेंगे।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कोड़ीखाना क्षेत्र में संचालित कथित गतिविधियों को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं संबंधित विभागों के समक्ष शिकायतें दर्ज कराई गईं। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस और प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। प्रशासन की इस कथित उदासीनता के कारण क्षेत्र में लोगों के बीच असंतोष और नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि उन्होंने लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने और समस्या के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया लेकिन उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया। नागरिकों का आरोप है कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई की गई होती तो उन्हें आंदोलन करने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ता। धरना-प्रदर्शन की तैयारी में जुटे नागरिकों ने स्पष्ट किया है कि उनका आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण होगा। आंदोलन के माध्यम से वे प्रशासन का ध्यान इस गंभीर मुद्दे की ओर आकर्षित करना चाहते हैं और यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि मामले की निष्पक्ष जांच हो तथा यदि किसी की संलिप्तता पाई जाती है तो उसके विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाए। बसंतपुर के नागरिकों ने चेतावनी दी है कि जब तक प्रशासन द्वारा ठोस कदम नहीं उठाए जाते और मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने शहर के जागरूक नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं विभिन्न वर्गों के लोगों से भी इस जनहित के मुद्दे पर समर्थन देने की अपील की है।

# ‘12 वर्ष बेमिसाल’ : मोदी जी के कार्यकाल में देश ने गढ़े सफलता के नए आयाम - अशोक चौधरी



राजनांदगांव (दावा)। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश सहित छत्तीसगढ़ में ''विश्वास, विकास और जन कल्याण के 12 वर्ष बेमिसाल'' कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जा रहा है।

इसी कड़ी में राजनांदगांव के वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक चौधरी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता लगातार बैठकें लेकर मोदी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने हमेशा ''राष्ट्र प्रथम'' के दृष्टिकोण को सर्वोपरि रखकर काम किया है। भाजपा नेता अशोक चौधरी ने मोदी सरकार के कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि इस दौरान कई ऐसे ऐतिहासिक कार्य हुए जो कभी असंभव से लगते थे। इसमें जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को समाप्त करना, वहां से आतंकवाद का खात्मा, और मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक के अभिशाप से

## नेहरू जी और मोदी जी दोनों साहसी नेता, विपरीत परिस्थितियों में देश को आगे बढ़ाया-भाजपा नेता

मुक्ति दिलाना शामिल है। इसके अलावा देश को नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त करने की दिशा में भी कड़े और प्रभावी कदम उठाए गए हैं।

### वैश्विक और सामरिक मोर्चे पर ऐतिहासिक सफलताएं

उन्होंने कहा कि विज्ञान और अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत ने नया इतिहास रचा है। मंगलयान अभियान पहले ही प्रयास में सफल रहा, वहीं चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अपना उपग्रह सफलतापूर्वक उतारने वाला भारत विश्व का पहला देश बना। सामरिक दृष्टिकोण से आज देश चीन के मुकाबले पूरी ताकत के साथ बराबरी पर खड़ा है और विभिन्न आधुनिक प्रक्षेपास्त्रों के सफल परीक्षणों ने पूरी दुनिया को अचंभित किया है।

### आर्थिक उन्नति और हिंदुत्व नवजागरण

अशोक चौधरी ने आर्थिक मोर्चे पर बात करते हुए बताया कि मोदी जी की प्रगतिशील सोच से देश की आर्थिक उन्नति में व्यापक उछाल आया है, जिसके फलस्वरूप 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं और भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक प्रगति वाली महाशक्ति बनकर उभरा है। इसके साथ ही, अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण कराकर मोदी जी ने देश की धर्मप्रेमी जनता को हिंदुत्व नवजागरण, सामाजिक समरसता और धार्मिक गौरव की एक अद्भुत सौगात दी है। उन्होंने कहा कि जनता के भरपूर सहयोग के कारण ही ये सारी उपलब्धियां आसानी से प्राप्त हो सकी हैं।

### नेहरू जी और मोदी जी के रिकॉर्ड और तुलना पर रखी बेबाक राय

भाजपा नेता चौधरी ने कहा कि लगातार 12 वर्षों से अधिक समय तक प्रधानमंत्री पद पर रहकर नरेंद्र मोदी ने प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के निर्वाचित कार्यकाल के रिकॉर्ड को पार किया है, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। दोनों ही अपने दौर के अत्यंत साहसी नेता रहे हैं।

आजादी के बाद जब देश की 30 करोड़ जनता के पास दो वक्त की रोटी का संकट था, तब उस चुनौती से निपटते हुए देश को औद्योगिकीकरण की पटरी पर लाना कोई आसान काम नहीं था, जिसे नेहरू जी ने बखूबी करके दिखाया था। उन्होंने आगे कहा कि आज कुछ लोग पंडित नेहरू और नरेंद्र मोदी जी की तुलना करते हैं, जो कि कदापि उचित नहीं है, क्योंकि दोनों के कार्यकाल की परिस्थितियां और चुनौतियां बिल्कुल अलग-अलग रही हैं। ''भारत भूमि का यह सौभाग्य रहा है कि यहां जितने भी प्रधानमंत्री हुए, वे सभी परम देशभक्त थे। उन्हीं के योगदान की बदौलत आज हम इस गौरवशाली मुकाम पर पहुंचे हैं। साल 2014 में जब मोदी जी ने बागडोर संभाली तो विश्व में भारत की छवि वैसी नहीं थी, लेकिन आज अपनी बेहतरीन विदेश नीति और सूझबूझ से उन्होंने दुनिया भर में भारत का डंका बजाया है। मोदी जी आगे और भी इतिहास रचेंगे।''-अशोक चौधरी, भाजपा नेता।

# पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को वैवाहिक वर्षगांठ की दी बधाई



## शाला प्रवेश उत्सव एवं साइकिल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि बनने का दिया आमंत्रण

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को उनके वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं जनभागीदारी समिति के सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात कर उन्हें शासकीय पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित होने वाले शाला प्रवेश उत्सव तथा सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत साइकिल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया। मुलाकात के दौरान विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, छात्र-छात्राओं के हित में किए जा रहे प्रयासों तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि शाला प्रवेश उत्सव के माध्यम से नए विद्यार्थियों का स्वागत किया जाएगा तथा सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत छात्राओं को साइकिल वितरित कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया जाएगा। डॉ. रमन सिंह ने आमंत्रण के लिए आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और छात्र हितैषी योजनाएं समाज के विकास की मजबूत नींव हैं। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष देवशरण सेन, समिति सदस्य राजेश यादव, लक्ष्मीकांत श्रीवास्तव तथा योगेश साहू उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. रमन सिंह को वैवाहिक वर्षगांठ की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

# भीषण गर्मी व जल संकट को देखते हुए 16 जून से स्कूल खोलने के निर्णय पर पुनर्विचार की मांग



राजनांदगाँव (दावा)। नवीन शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह राजपूत एवं जिलाध्यक्ष छन्नूलाल साहू ने प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी एवं उमस को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 16 जून 2026 से स्कूल खोलने के निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की है। उन्होंने माननीय शिक्षा मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन से इस विषय पर गंभीरता से संज्ञान लेने का आग्रह किया है।

प्रांताध्यक्ष विकास सिंह राजपूत ने कहा है कि वर्तमान में प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में भीषण गर्मी और अत्यधिक उमस का वातावरण बना हुआ है। ऐसे समय में छोटे-छोटे बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देना आवश्यक है। नवीन शिक्षक संघ छग महिला प्रकोष्ठ प्रदेश पदाधिकारी उमा जाटव, बलविंदर कौर, गंगा शरण पासी, नंदिनी देशमुख, ज्योति सक्सेना, गीता चंद्राकर, रूपा साहू ने सुझाव दिया है कि स्कूलों का संचालन 1 जुलाई 2026 से प्रारंभ करने पर विचार किया जाना चाहिए।

प्रदेश पदाधिकारी गिरीश साहू, अमितेश तिवारी, दुष्यंत कुम्भकार, रूपेंद्र सिन्हा, संजय साहू, अजय कड़व, प्रकाश चंद कांगे, सतीस टंडन, चंद्रशेखर रात्रे, राजेश शुक्ला, ब्रिज नारायण मिश्रा, शंकर लाल भार्गव, मनोज चंद्रा ,जितेन्द्र देवांगन ने बताया कि प्रदेश के कई ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में भू-जल स्तर में गिरावट के कारण नलकूप एवं बोरिंग से पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है।साथ ही राजनांदगाँव सहित समस्त जिलों में गर्मी का भीषण प्रकोप जारी है। ऐसी परिस्थितियों में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।नवीन शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष छन्नूलाल साहू सहित संजीव मानिकपुरी, वेद प्रकाश साहू, रमन शर्मा, हरिकांत अग्निहोत्री, अमित मैसी, वेदराम साहू, चंद्रिका पाण्डेय ने कहा कि विद्यालयों में पर्याप्त पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किए बिना स्कूल खोलना उचित नहीं होगा। इसलिए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के स्वास्थ्य हित को ध्यान में रखते हुए 16 जून से स्कूल खोलने के निर्णय पर एक बार पुनर्विचार कर 1जुलाई से स्कूल खोलने हेतु आवश्यक निर्णय लिया जाना चाहिए।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कांफ्लुएंस कालेज में प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



राजनांदगांव (दावा)। कांफ्लुएंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं बेस्ट प्रैक्टिस सेल के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सहज योग (परमपूज्य श्री माताजी निर्मला देवी) के अंतर्गत माय भारत राजनांदगांव, सहज योग भिलाई एवं ग्राम पंचायत पार्रीकला के संयुक्त तत्वधान में 13 जून से 21 जून तक योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसमें सहज योग के प्रशिक्षण कर्ताओं के द्वारा स्वयं के आंतरिक तंत्र को जानने, सकारात्मक परिवर्तन लाने, संतुलित जीवन व्यतीत करने, आध्यात्मिक जीवन एवं लक्ष्य की प्राप्ति तथा तनाव रहित जीवन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया कार्यक्रम के शुभारंभ में प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि यह जीवन में अनुशासन और संतुलन स्थापित करने का माध्यम है। कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि योग को नियमित अभ्यास में शामिल करना चाहिए ताकि विद्यार्थी तनाव मुक्त और स्वस्थ जीवन जी सके द्ध योग प्रशिक्षण में श्रीमती उषा अग्रवाल ने कहा कि योग आत्मज्ञान की ओर लेकर जाता है और यह जीवन के हर क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता हैद्ध वही प्रशिक्षणकर्ता पार्थ राय ने कहा कि योग का अभ्यास हमें मानसिक शांति और आत्म बल प्रदान करता है जिससे हम जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकते हैं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान किया एवं विभिन्न मुद्राओं में प्रशिक्षण करवाया। प्रशिक्षण के अंतर्गत महाविद्यालय के विद्यार्थियों सहित प्राध्यापकों की भूमिका महत्वपूर्ण रही और यह प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ आज से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून तक महाविद्यालय में संचालित रहेगी द्ध आयोजन में भविष्यकाल, भूतकाल के संबंध में सूक्ष्म तंत्र उत्क्रांति का मध्यमार्ग संबंधी चक्र एवं नाड़ी पर विशेष प्रशिक्षण कराया गया।

# महक नर्वासे का भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम में चयन, टी.एच.-11 ने दी बधाई



## श्रीलंका दौरे के लिए वनडे और टी-20 टीम की बनाई गई उपकप्तान, राजनांदगांव में हर्ष की लहर

राजनांदगांव (दावा)। नगर में रात्रिकालीन क्रिकेट की शुरुआत करने वाली अग्रणी खेल संस्था टी.एच.-11 के संस्थापक कप्तान पूनाराम यादव एवं उपकप्तान रितेश देवांगन ने स्थानीय होनहार महिला क्रिकेटर महक नर्वासे से मुलाकात की। संस्था के पदाधिकारियों ने महक को भारतीय अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम में चयनित होने तथा श्रीलंका दौरे के लिए वनडे और टी-20 दोनों प्रारूपों में उपकप्तान बनाए जाने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि संस्कारधानी की प्रतिभावान खिलाड़ी महक नर्वासे लंबे समय से विभिन्न घरेलू और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में गेंद और बल्ले दोनों से ही लगातार उम्दा प्रदर्शन (ऑलराउंड खेल) कर रही हैं। उनके इसी शानदार और निरंतर प्रदर्शन के बूते पहली बार उनका चयन भारतीय क्रिकेट टीम के लिए हुआ है, जो पूरे जिले और प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

### माता-पिता की मौजूदगी में हुआ सम्मान

बधाई देने के इस आत्मीय अवसर पर महक के पिता राधेश्याम नर्वासे, माता श्रीमती कुमारी नर्वासे और उनके कई मित्रगण विशेष रूप से उपस्थित थे। परिवार ने बेटी की इस ऐतिहासिक सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभचिंतकों का आभार जताया। महक की इस शानदार अंतरराष्ट्रीय सफलता पर टी.एच.-11 के संस्थापक सदस्यों व नगर के खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया है।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. – 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com